'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 188 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए सोमवार, 23 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com



बड़खल विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप के ताबड़तोड़ दौरे

Page 3

## क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** श्री दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 16 में क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रात:काल में सर्वप्रथम श्री जी की पालकी यात्रा मंदिर से शुरू होकर सेक्टर 16 के विभिन्न स्थानों से होती हुई वापस मंदिर पहुंची । इसके पश्चात श्री जी का अभिषेक किया गया। मंदिर में भक्तों के लिए भोजन प्रसाद का आयोजन विकास जैन एवं पारस जैन के सहयोग से किया गया। प्रमुख समाजसेवी नरेंद्र जैन ने बताया कि पर्यूषण पर्व की समाप्ति के पश्चात क्षमावाणी पर्व मनाया जाता है । इस दिन सभी लोग एक दूसरे से जाने अनजाने में की गई गलतियों के लिए क्षमा मांगते हैं। कार्यक्रम में प्रधान मनीष जैन, उप प्रधान प्रदीप जैन, प्रणय जैन, ब्र0 प्रदीप रतिराम जैन, अंकित जैन, सौधर्म इन्द्र, पवन, प्रदीप, यश एवं अकुंर जैन का विशेष योगदान रहा।


## 28 को भूमि पूजन और एक अक्तूबर से रामलीला आरम्भ होगी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** श्री धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि 28 सितम्बर को भूमि पूजन के साथ रामलीला का मंच बनना आरम्भ हो जायेगा तथा 1 अक्तूबर को रामलीला का शुभारम्भ होगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हम पहली बार दिखायेंगे कि क्यों भगवान विष्णू को राम बनकर जन्म लेना पड़ा, भगवान शकंर ने कैसे चन्द्रहास रावण को दी, माता सीता का जन्म कैसे और क्यों हुआ, हनुमान जी का जन्म किस कारण हुआ यह सइ प्रथम दिवस दिखाया जायेगा। निर्देशक हरीश आजाद ने बताया कि रावण व अंगद संवादों का अभ्यास कलाकारों को करवाया गया जिसमें रावण के किरदार में तजिन्द्र खरबंदा ने अपने तीखें संवादों का अभ्यास किया जिसमें वह अंगद को कहते हैं कि नहीं शक्ति थी तुझमें तो, तू मेरे पास आ जाता, तेरे बाप का बदला मैं उसी क्षण लेकर दिखलाता। पहली बार अंगद का अभिनय कर रहे हार्दिक बत्तरा ने अपने क्रोधित संवादों का अभ्यास किया जिसमें यह संवाद यह पीछे से फिक्र करना, मुझे बदला दिलाने की, कोई तरकीब सोच रावण तू अपनी जान बचाने की पर कड़ी मेहनत की। इसी दृश्य में मेघनाथ का किरदार निभा रहे परवीन बत्तरा ने पाँव ऊठाने के समय बोलने वाले सवादों का अभ्यास किया तो कुम्भकरण का अभिनय कर रह गुलशन नागपाल ने अपनी अदभुत कला दर्शकों को दिखाने के लिये अपने संवादों क कड़ा अभ्यास किया। उपप्रधान सतीश नागपाल ने कहा कि इस बार रामलीला के मंच पर अपना-अपना किरदार निभा रही बेटियों ने कड़ा अभ्यास किया और वह बेटियाँ अपनी कला का जादू दिखाने व दर्शकों की तालियाँ बटोरने को बेताब हैं।

## हेल्थ चेकअप कैंप में 115 लोगों ने कराई जांच



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने यथार्थ हॉसपिटल के सहयोग से रविवार को मानव भवन सेक्टर 10 में एक हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया। जिसमें 115 लोगों के ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबिन, ईसीजी की निशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ गरिमा अग्रवाल, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ० ध्रुव कांत मिश्रा, बाल (बच्चों के) रोग विशेषज्ञ डा० अन्नू शर्मा व मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ उमंग अग्रवाल ने सभी मरीजों की जांच करके उचित चिकित्सा परामर्श दिया और दवाइयां लिखीं। इस कैंप के सफल संचालन में हॉसपिटल के एबीपी कृष्णा कुमार झा ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। कैंप कोऑर्डिनेटर मार्केटिंग अंकित भड़ाना का भी सहयोग रहा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, चेयरमैन प्रोजेक्ट संजीव शर्मा, मुख्य प्रबंधक राजेंद्र बंसल, कार्यालय सचिव बांकेलाल सितोनी, प्रबंधक गोविंद वर्मा, सविता सिंघल, क्षेत्र प्रबंधक राज राठी, सीमा मंगला, सरिता गुप्ता, सुर्षमिता भौमिक,ममता बेरा, कल्पना गुप्ता, शशि गुप्ता मौजूद रहे।

## हवाबाजी के लिए खरीदा कट्टा, गिरफ्तार

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम शाहीन पाशी है जो गांधी कॉलोनी का रहने वाला है जिसे अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सराय ख्वाजा थानाक्षेत्र से अवैध हथियार सहित काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आरोपी देसी कट्टा को संगम विहार दिल्ली से किसी अनजान व्यक्ति से हवाबाजी के लिए खरीद कर लाया था।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 सिंतबर को नमो एप से देंगे जीत का मंत्र : मुख्यमंत्री नायब सैनी

### प्रदेशभर के कार्यकर्ता नमो एप पर जुड़ेंगे: नायब सिंह सैनी

### हरियाणा विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत पक्की करने के लिए भाजपा पूरी तरह मैदान में : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत पक्की करने के लिए भाजपा पूरी तरह मैदान में उतर चुकी है। पार्टी माइक्रो मैनजमेंट पर फोकस कर रही है। चुनावी बेला में कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा भरने के लिए अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 सितंबर को नमो एप के माध्यम से कार्यकर्ताओं से जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमो एप के माध्यम से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और जीत का मंत्र देंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी नमो एप पर ज्यादा से ज्यादा जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से डबल इंजन की सरकार को मजबूती और प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव में बड़ी जीत के लिए उत्साह व समर्पण के साथ जुटे हुए हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने का काम करेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज भाजपा प्रदेश में आम जन की आवाज बन चुकी है, हर तरफ सरकार के विकास कार्यों की गूंज है। सरकार ने ईमानदारी से लाखों युवाओं को बिना पर्ची व बिना खर्ची के सरकारी नौकरी देने का काम किया है। आगे भी भाजपा की सरकार इसी नीति पर चलकर प्रदेश को और खुशहाल बनाने का कार्य करेगी।

**कांग्रेस की खुल रही पोल**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टचार व पर्ची और खर्ची की पोल हर दिन खुल रही है। जिसे प्रदेश की जनता देख रही है। फरीदाबाद एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा, असंध से कांग्रेस प्रत्याशी शमशेर गोगी के बाद गन्नौर से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप शर्मा भी बईमानी से नौकरियां बांटने की बात कबूल कर रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ऐसे लोगों को प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

# कांग्रेस ने बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान किया, भाजपा ने बाबा साहेब के घर को स्मारक बनाया: योगी आदित्यनाथ



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी कृष्ण वेदी के समर्थन में रविवार को नरवाना विधानसभा क्षेत्र में विशाल जनसभा की। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने भाजपा की उपलबधियां तो बताई ही साथ में कांग्रेस को भी जमकर लपेटा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से भारत के महापुरुषों का अपमान किया है। चाहे वह श्री राम हों, श्री कृष्ण हों, या फिर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर। योगी ने कहा कि जब भी कांग्रेस को सत्ता मिली, उन्होंने अनुसूचित जातियों पर अत्याचार किए। कांग्रेस की नीतियां हमेशा देश को कमजोर करने वाली रही हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने जातिवाद और संप्रदायवाद को बढ़ावा देकर समाज में फूट डालने का काम किया। कांग्रेस कभी भी देश के विकास और सुरक्षा के लिए गंभीर नहीं रही। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब का अपमान किया था और उन्हें चुनाव में हराने की साजिश रची थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब अंबेडकर के सम्मान में कई योजनाओं की शुरुआत की, जैसे बाबा साहब के घर को स्मारक में तब्दील करना और उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना।

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस केवल सत्ता के लिए राजनीति करती है, जबकि भाजपा देश के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान, महिला, युवा और व्यापारियों के हितों का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा अब परिवारवाद और भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि विकास का केंद्र बना है। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, नरवाना प्रत्याशी कृष्ण वेदी, जींद जिलाध्यक्ष तेजिंदर ढुल, प्रभारी मदन गोयल, पूर्व सांसद अशोक तंवर, नरवाना विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश शर्मा व पूर्व विधायक पृथ्वी सिंह सहित अन्य नेतागण मंच पर उपसथित रहे।

**राम मंदिर निर्माण में देरी के लिए कांग्रेस जिम्मेदार**

योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण की शुरूआत अयोध्या का जिक्र करते हुए की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में वर्षों से लंबित राम मंदिर का निर्माण अब पूरा हो चुका है। योगी ने राम मंदिर निर्माण में देरी के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अगर आजादी के बाद तुरंत राम मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया, तो इसके लिए कांग्रेस की नीतियां जिम्मेदार हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सभी का सम्मान करने वाली पार्टी है और अयोध्या के नेशनल एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखना एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम केवल भाजपा की सरकार ही कर सकती है जो महापुरुषों के सम्मान में ऐसे बड़े कदम उठाती है।

**कृष्ण बेदी योग्य नेता: योगी आदित्यनाथ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा के दौरान भाजपा के उम्मीदवार कृष्ण बेदी की तारीफ करते हुए उन्हें एक कर्मठ और योग्य नेता बताया। उन्होंने कहा कि कृष्ण बेदी ने हमेशा सभी जातियों और समुदायों को साथ लेकर चलने का काम किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे कृष्ण बेदी को विजयी बनाएं। अंत में, योगी आदित्यनाथ ने सभी से संकल्प करवाया कि देश और राज्य के विकास के लिए भाजपा का साथ देंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही वह पार्टी है, जो देश को सुरक्षा और विकास दोनों दे सकती है।

**यूपी में दंगे खत्म किए, हरियाणा में अभूतपूर्व विकास**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने राज्य की तुलना हरियाणा से करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने विकास की नई राहें खोली हैं। वहां पिछले साढ़े सात वर्षों में एक भी दंगा नहीं हुआ है। इससे पहले, उत्तर प्रदेश में दंगे आम बात थे, लेकिन भाजपा की सरकार ने प्रदेश को दंगों से मुक्त किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा ने भी अभूतपूर्व विकास देखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जाति, धर्म, और संप्रदाय से ऊपर उठकर विकास कार्य किए हैं और हरियाणा को भारत के विकास के केंद्र में लाने का काम किया है।

# अल्लीपुर घरौंडा ने भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर का किया खुलकर समर्थन

### बचकर रहें, चुनावों में नौकरियां बेचने का वादा कर रही है कांग्रेस : राजेश नागर



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस को वोट देने से पहले सोच लेना कि यह आपके बच्चों का भविष्य अंधकार में डाल देंगे क्योंकि कांग्रेस चुनाव बाद नौकरियां बेचने का वादा कर रही है। जबकि भाजपा ने बिना पर्ची बिना खर्ची के नौकरियां देकर आपके योग्य बच्चों का जीवन सुरक्षित बनाया है। यह बात तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने गांव अल्लीपुर घरोड़ा में कही। वह यहां खुद के सम्मान समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। नागर ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के एक के बाद एक वीडियो सामने आ रहे हैं जिसमें वह रोल नंबर से नौकरियां देने की बात कर रहे हैं। ऐसा करके वह न केवल शासन व्यवस्था को तोड़ने की बात कर रहे हैं बल्कि अपने भ्रष्टाचार का तरीका भी बता रहे हैं। कांग्रेस के नेता आपके योग्य बच्चों के हाथ से नौकरियां छीन लेना चाहते हैं जबकि भाजपा ने अपने कार्यकाल में डेढ़ लाख नौकरियां बिना पर्ची बिना खर्ची के दी हैं और हमारी सरकार अगले कार्यकाल में भी दो लाख नौकरियां बिना पर्ची बिना खर्ची देने जा रही है। नागर ने कहा कि भाजपा राज में आपके योग्य बच्चों को उनके जीवन सुरक्षित करने का अवसर प्रदान किया गया है। यह योग्य बच्चे प्रदेश को दुनिया का नेतृत्व करने लायक बना रहे हैं जबकि कांग्रेस ने हमेशा अयोग्य लोगों को नौकरियां बेचकर प्रदेश को गड्ढे में धकेलना का काम किया है। नागर ने कहा कि नौकरियां बेचने की कहानियां विपक्षी कहानियां समय-समय पर सामने आती रही हैं। नागर ने कहा कि भाजपा ने जो कहा वह करके दिखाया। हमारी सरकार 70 वर्ष तक के बुजुर्ग को 10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज और 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग के लिए भी पांच लाख रुपए के अतिरिक्त इलाज की व्यवस्था चिरायु आयुष्मान योजना में करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने की घोषणा की, वहीं आईएमटी की तर्ज पर 10 अन्य औद्योगिक शहरों का निर्माण करने पर भी काम शुरू कर दिया है। नागर ने कहा कि भाजपा की सरकार ने बिना जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा के भेदभाव के लोगों को समान अवसर दिए और हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं का लाभ दिया। इसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया। 10 वर्षों में हमारे शासन में ऐसा हुआ कि प्रशासनिक आला अधिकारी भी जेल गए जबकि पिछली सरकार इन अधिकारियों की उंगलियों पर खेलती रही है। नागर ने कहा कि आप भाजपा के कमल निशान को वोट देकर 5 अक्टूबर को हरियाणा का भविष्य लिखने का काम करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर विश्वास करते हुए अपने बेटे को पहले से भी ज्यादा मतों से विधानसभा भेजेंगे। नागर ने आज टाउन पार्क सेक्टर 12, ब्रह्मकुमारी अशोका एनक्लेव, गुलमोहर पार्क अशोका एनक्लेव, सूर्य नगर सेक्टर 91, सेहतपुर, सिडौला, गांव महमूदपुर, गांव ढहकोला, गांव भैंसरावली, गांव मोजाबाद, गांव चांदपुर, सेक्टर 85, एलिट फ्लोर, सेक्टर 28, तिलपत गांव, इस्माइलपुर, शिव कॉलोनी, आईपी कॉलोनी आदि जगहों पर जनसंपर्क किया।

## अदभुत प्रतिभा की उमंगों से सजे कसीदा का जलवा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जे.सी.बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा कसीदा कार्यक्रम का आयोजन कृष्णा भवन के सामने सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्रों ने अपनी अनूठी प्रस्तुतियों के माध्यम से रचनात्मकता और कला की नई ऊंचाइयों को छुआ। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर ने अपने संदेश में बधाई देते हुए कहा कि मीडिया विभाग का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कसीदा एक ऐसा मंच है, जो सिर्फ प्रदर्शन नहीं, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास और सृजनात्मकता को भी प्रोत्साहित करता है। संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह के सानिध्य में संचालित इस कार्यक्रम को एक विशेष मंच के रूप में देखा जा रहा है। जिसका उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक ढर्रे से हटकर कुछ नया करने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी मौलिकता और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का मुक्त मंच प्रदान करना है। उनका मानना है कि विश्वविद्यालय में आए हर छात्र की अनछुई प्रतिभा को पहचानने में उनकी मदद करना और उसे सही दिशा में प्रोत्साहित करना बहुत जरूरी है। विश्वविद्यालय परिसर के कृष्णा भवन के सामने आयोजित कार्यक्रम के सूत्रधार पत्रकारिता में स्नातकोत्तर के विद्यार्थी साहिल कौशक स्काई द्वारा कसीदा कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन से छात्रों की अद्वितीय प्रतिभाओं एवं उनकी आंतरिक कलाओं के माध्यम से उनके व्यक्तित्व को उजागर करने का अवसर प्राप्त होता है। इस सफलतापूर्वक आयोजन में मीडिया की संचार टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ओपन माइक कसीदा विद्यार्थियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है।

## पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत किया जागरूक



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अल्पाइन कंपनी और वरिष्ठ नागरिक क्लब में पुलिस की पाठशाला का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्रों, निजी कंपनियों के कर्मचारियों और श्रमिकों के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को उनकी नैतिक जिम्मेदारियों का एहसास कराते हुए समाज के ताने-बाने को मजबूत करने और फरीदाबाद को अपराध मुक्त, नशा मुक्त और सड़क दुर्घटना मुक्त बनाने में पुलिस का साथ देने का आह्वान किया गया। बच्चों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और फरीदाबाद पुलिस द्वारा दी गई जानकारियों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों पर 68 मिनट में हो रहा समाधान : डीसी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फरीदाबाद जिला में किसी भी रूप से आदर्श आचार संहिता की अवहेलना न हो इस पर पूरा फोकस किया जा रहा है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव के तहत जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आचार संहिता की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित की जा रही है। विधानसभा चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक जिला प्रशासन की ओर से राजनीतिक गतिविधियों पर हर पहलू से मॉनिटरिंग हो रही है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लागू की गई आदर्श चुनाव आचार संहिता की अवहेलना किसी भी रूप से न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर तैयार सी-विजिल एप (सिटीजन विजिल) के माध्यम से आने वाली शिकायतों का समाधान एफएसटी टीम द्वारा 100 मिनट के अंतराल में ही किया जा रहा है। साथ ही फील्ड में सम्बंधित टीम निरन्तर आचार संहिता की पालना सुनिश्चित हो इसके लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश भी दिए कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता व सख्ती से पालना करवाना करवाते हुए पारदर्शिता व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में सक्रिय भूमिका अदा करें। जिला सचिवालय में सी विजिल एप मॉनिटरिंग रूम बनाया गया है जिस पर दिन रात टीम कार्य कर रही है। डीसी ने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में शहरी निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में डीडीपीओ व बीडीपीओ अपने स्तर पर नियमों की अवहेलना न हो इस कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करें।

# दिहाना, मेवली, नोशेरा, मालब, खेड़ा खलीलपुर, आंकेडा में आफताब को जन समर्थन

## चौधरी ताहिर हुसैन का नूंह विधानसभा में जलवा बरकरार, लगातार मिल रहा है लोगों जनसमर्थन



**(अनिल मोहनियां नूंह)**

नूंह विधानसभा में इनेलो बसपा प्रत्याशी का दिन प्रतिदिन जनाधार बढ़ता ही जा रहा है। लोगों में खासतौर युवाओं में इतना जोश व उत्साह पहली बार देखने को मिल रहा है। रविवार को चौधरी ताहिर हुसैन ने गांव उदाका, बारोटा, आटा, रामपुर, कोठड़ा, हिलालपुर, भिरावटी, किरंज मेव, किरंज जाट, मानूवास, कालियाका आदि दर्जनभर गाँवों में जनसभाओं को संबोधित किया। लोगों ने जन संपर्क कार्यक्रम को जनसभाओं में तब्दील कर दिया।

सभी गांवों में ताहिर हुसैन के प्रति भारी जोश व उत्साह देखने को मिला। चौधरी ताहिर हुसैन को ग्रामवासी हर जगह लंबे काफिले के साथ गाजे बाजे के साथ समर्थन समारोह तक लेकर पहुंच रहे हैं। चौधरी ताहिर हुसैन ने ग्राम वासियों के इस शानदार स्वागत व बेपनाह मोहब्बतों व जनसमर्थन के लिए शुक्रिया व आभार जताया। उन्होंने कहा कि हर जगह लोगों का इतना प्यार व समर्थन मिल रहा है कि हर कार्यक्रम में देरी से पहुंच रहे हैं। लोग बेसब्री से स्वागत के लिए इंतजार कर रहे हैं। आप लोगों के जोश ने विपक्षियों की नींद उड़ा दी है। मुझे व मेरे परिवार को आप लोगों ने मरहूम चौधरी मोह्म्म यासीन खाँ व मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन अपार प्यार व जनसमर्थन दिया है। इंशा अल्लाह चुनाव तो आप रिकार्ड मतों से जीत रहे हैं, पर ये जोश हमें आगामी 5 अक्तूबर तक बरकरार रखना है। ताहिर हुसैन ने कहा कि ये आप लोगों का चुनाव है। युवाओं के उज्जवल भविष्य का चुनाव है। आज शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त करने का चुनाव है। हर नौजवान साथी इन समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा हर कार्यकर्ता अपने आप में ताहिर हुसैन है। कोई भी साथी अपने आप को अकेला महसूस ना करे। ताहिर हुसैन हर समय नूंह विधानसभा की जनता जनार्दन के साथ है। मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के दिखाए हुए रास्ते पर चलकर हम 36 बिरादरी के मान-सम्मान की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे किसी भी कार्यकर्ता को मायूस होने की जरूरत नहीं है। मैं हमेशा आप लोगों की परछाई बनकर आप लोगों के साथ खड़ा हूँ। आप लोगों का सुख-दुख मेरा सुख-दुख है। आप लोगों का जहाँ पसीना बहेगा, वहाँ पर आपका यह भाई और बेटा खून बहाने से भी पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि इस अपार जनसमर्थन, दुआओं व असीम प्रेम का हमेशा मेवात की 36 बिरादरी का कर्जदार रहूँगा। उन्होंने कहा कि इंशा अल्लाह सही वक्त आने पर आप लोगों द्वारा बहाए गए पसीने की एक-एक बूँद का कर्ज चुकाऊँगा।

ताहिर हुसैन ने कहा कि प्रदेश में इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इनेलो सुप्रीमों चौधरी ओमप्रकाश चौटाला व चौधरी अभय सिंह चौटाला को मेवात क्षेत्र की हमेशा फिक्र रहती है। स्वः चौधरी देवीलाल परिवार का मेवात क्षेत्र से विशेष लगाव है।

**(अनिल मोहनियां नूंह)**

हरियाणा विधानसभा चुनावों में सबसे हॉट सीटों में से एक नूंह पर दिन प्रतिदिन कांग्रेस पार्टी को मिल रहे जनसमर्थन ने कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को विपक्षी पार्टियों के उम्मीद्वार से काफी आगे निकाल दिया है। रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को विधानसभा के दिहाना, मेवली, नोशेरा, मालब, खेड़ा खलीलपुर, आंकेडा में जन समर्थन मिला जहां सैंकड़ों लोगों ने बीजेपी, इनेलो, जजपा आदि को छोड़कर कांग्रेस को समर्थन दे दिया। दिहाना गांव के डॉ मुबिन, कमरुद्दीन, सलीम खान, शकील, समसू, हारून, अनीश, हकमुद्दीन, अशरफ, साबिर, अरशद, नज्जू, इम्तियाज, राहुल, सरवर आफताब, मोहम्मद आकिब, वकार, मोहम्मद अबरार, मोहम्मद कैफ, शाहनवाज, जावेद, मोहम्मद आबिद, नासिर, साकिर, परवेज, मुक़ीम, रियाज, तस्लीम, मोईन, मुजाहिद, मोहम्मद शाद, नदीम, शोहिल, सालिम, कासिम, जाहिद, अरमान, यामीर, यासिर, अनस, अबूजल ने इनेलो, बीजेपी छोड़ कांग्रेस को समर्थन दिया। वहीं नोशेरा गांव में कैप्टन सपात खान, जलालुद्दीन नम्बरदार, वहीदा एक्स सरपंच, नूरा, हकमुद्दीन, रुकमुद्दीन, डॉ जाहिद हुसैन, इमरान पहलवान, रजाक, शौकीन, जान मोहम्मद जैलदार, हाफिज रफीक अहमद ने कांग्रेस का समर्थन कर दिया। उधर इसी गांव के लियाकत पुत्र फकरु सरपंच, शौकीन, फैजल, समीम, साकिर, असफाक, मुबारिक, हारून, राशिद, साहुन, सईदा, जुहरुद्दीन, कमरू, नासिर, हारिस, जाफर, रिजवान ने इनेलो, बीजेपी छोड़ कर कांग्रेस को समर्थन दे दिया। उधर मेवली गांव में कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को तीन जगह जोरदार समर्थन मिला जहां लाड़ला पट्टी से समीम वकील, बादशाह, इलयास, खलील, इब्राहिम, इशाक, मुबारिक, दीन मोहम्मद, याकूब, इरफान, समसू, राहुल, माकूल, इनामुल, अनवार, इस्माइल ठेकेदार आदि ने समर्थन दिया। उधर दादा पट्टी से दादा शहीद, अरशद, यूसुफ, हाफिज अय्यूब, हारून, मुबिन, जुबेर, जाहिद, शाहिद, खालिद, सलीम, साजिद, इरशाद, शाहिद खलील आदि ने इनेलो, बीजेपी आदि छोड़कर कांग्रेस को समर्थन दिया। तो तकिया पट्टी से हाजी अख़्तर, कालू, इद्रीश, अरशद, इकबाल, खुर्शीद हाजी, अरशद, अकबर, आबिद, सद्दाम, इखलाश, वकील आदि ने भी कांग्रेस को समर्थन दे दिया। वहीं मालब गांव में पीसीसी सदस्य महताब अहमद की मौजूदगी में सहीद खान, अब्दुल करीम, समसुद्दीन, जब्बार खान, जमील खान, अब्दुल रजाक, फज्जू खां, सलीम खान, राशिद खान, हाकम आदि ने विभिन्न दलों को छोड़कर कांग्रेस को समर्थन दे दिया। उधर खेड़ा खलीलपुर के तनवीर सरपंच, आसु सरपंच, हाजी अय्यूब, सतबीर मेम्बर, गुलाब, रुद्दार नंबरदार, बलबीर सरपंच, किशन सरपंच, जयपाल पंडित, जयराम साहब, राजकुमार ब्लॉक समिति मेम्बर, दयाराम, सूरज सरपंच, निर्भय सरपंच, शीशराम मेम्बर, टेकन मेम्बर, महेंद्र खटाना, दुर्जय हवलदार, दयाराम, जीतू सेठ, धर्मेंद्र, भगत सिंह, केसी नागर, हेतराम, धर्मबीर, सुरेंद्र, हीरासिंह, पप्पू डागर, सतबीर सहरावत आदि ने कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को समर्थन दे दिया। उधर आकेड़ा गांव में छोटेलाल, श्यामलाल, पप्पू, लालचंद, तिलक, पवन, सोमिराम, गोपाल, टिंकू सहित दर्जनों ने कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन दे दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कांग्रेस को समर्थन देने वालों का धन्यवाद करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार को हटाना प्रदेश की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि इस सरकार ने हर वर्ग को जुमले बाजी के आलावा कुछ नहीं दिया है। किसानों को काले कृषि कानूनों से तंग करने की साजिश रची गई जिसमें सैंकड़ों किसान शहीद हुए। सरपंचों, पंचों से उनकी ताकत छीनी गई और विरोध करने पर लाठी चार्ज किया गया। छात्रों के रोजगार के पर्चे लीक हुए बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची। महंगाई, भ्रष्टाचार सब रिकॉर्ड तोड गए, आम जन सरकार की नीतियों से त्रस्त हो गया। कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि नूंह जिले को दस साल से विकास को दूर रखा गया, स्थानीय भाईचारे और कानून व्यवस्था को धक्का लगा। कांग्रेस की परियोजनाओं को लटकाया गया और इलाके को नई परियोजना देने के बजाय पुरानी योजनाओं को ही शुरू नहीं किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर जिले का विकास तेज गति से कराया जाएगा, दस सालों के भेदभाव की भरपाई की जाएगी, सभी वर्गों को साथ लेकर खुशहाल जिले का निर्माण किया जाएगा। वहीं पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद ने कहा जो लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं उनके मान सम्मान में कोई कमी बाकी नहीं रखी जाएगी, जिले के विकास की गति को रफ्तार दी जाएगी जो बीते दस सालों से बंद पड़ा है।



## बेरोजगारी को खत्म किया जायेगा: डॉक्टर रंगा

### ● बावल के गाँवो में प्रत्याशी एमएल रंगा का ऐतिहासिक स्वागत



**रेवाड़ी।** बावल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार ओर पूर्व मंत्री डॉक्टर एमएल रंगा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनते ही बावल क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी ओर इस क्षेत्र में सभी समस्याओ का खात्मा करके विकास के नए आयाम स्थापित किए जायेंगे! उन्होंन कहा कि इस क्षेत्र से बेरोजगारी को पूरी तरह से खत्म किया जायेगा! एमएल रंगा आज रेजंगला पार्क रेवाड़ी,भक्ति नगर रेवाड़ी, शहबाजपूरा, ढाणी सातो,मोती की ढाणी में जनसंपर्क अभियान चलाकर जनसभाओ को सम्बोधित कर रहे थे! सभी जगह पर डॉक्टर एमएल रंगा का भव्य स्वागत करते हुए फूल मलाओ से लाद दिया फलो ओर लड्डूओ से तोला गया। डॉक्टर रंगा ने भारी तादाद में उपस्थित ग्रामीणों को जनसभाओं में संबोधित करते हुए कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार आप लोगो की बदोलत हूँ। यह टिकट पार्टी ने बावल की जनता के आग्रह पर मुझे दी है। यह टिकट भी बावल की जनता की है और जीत भी बावल की जनता की होने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनते ही बावल को विकास कार्यों के मामलो में सबसे उपर ले जाया जायेगा ओर बावल को समस्याओं से मुक्त कर सभी मुलभुत सुविधाओं को यहां स्थापित किया जायेगा! उन्होंने कहा कि यहां के स्थानीय उद्योगो में यही के युवाओं को रोजगार देकर बेरोजगारी को पूरी तरह से खत्म किया जायेगा! इसके अलावा इस क्षेत्र में शिक्षा ओर स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि 8 अक्टूबर को कांग्रेस सरकार बनने जा रही है ओर आप भी सरकार में भागीदारी सुनिश्चित करके एक एक वोट कांग्रेस पार्टी को दे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनते ही बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपए, 300 यूनिट बिजली फ्री ओर गैस सिलेंडर 500 रुपए में किया मिलेगा! इतना ही नहीं गरीब परिवारों को 100 वर्ग गज के प्लाट ओर 2 कमरे बनाकर दिए जायेंगे।

## भाजपा-कांग्रेस ने निर्दलीय उम्मीदवार बागियों को नहीं किया निष्कासित



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के कई बागी निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे हैं। इन बागियों पर निष्कासन की कार्रवाई नहीं करने पर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के वकील हेमंत कुमार दोनों प्रमुख पार्टियों के खिलाफ मुद्दा उठाया है। हेमंत ने कहा कि निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले ये उम्मीदवार अभी भी अपनी पार्टी का हिस्सा हैं। दोनों पार्टियों ने बागी उम्मीदवारों को लेकर प्लान 'बी' बना रखा है। कोई भी पार्टी सरकार बनाने में इनके चुनाव जीतने पर अपने साथ रखकर मदद लेगी। जबकि नियमानुसार किसी बागी द्वारा पार्टी उम्मीदवार के सामने चुनाव लड़ने पर छह वर्ष के लिए निष्कासित करना होता है। 2019 विधानसभा चुनाव में इस तरह के बागियों को पार्टी से निष्कासित किया गया था। हेमंत के मुताबिक लग रहा है कि दोनों दलों को सरकार बनाने के लिए इन निर्दलीय जीते अपने बागी नेताओं के समर्थन की आवश्यकता पड़ सकती है। दरअसल अगर कोई पार्टी नेता या कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर अपनी पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ता है, तो उसकी मूल पार्टी को ऐसे बागी नेता को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छः वर्ष के लिए निष्कासित करना होता है। भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख दल प्रदेश की कुल 90 विधानसभा सीटों में से 89-89 पर ही चुनाव लड़ रही है। हेमंत कुमार के मुताबिक वर्तमान में कांग्रेस और भाजपा के दर्जनों बागी नेता निर्दलीय या किसी अन्य राजनीतिक दल से अपनी मूल पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

हेमंत ने बताया कि 2019 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा ने 16 बागी नेताओं को पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित किया था। इसमें पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह व उनकी बेटी चित्रा सरवारा भी शामिल थी।

## भाजपा प्रत्याशी को मिल रहे जनसमर्थन से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदेशाध्यक्ष उदयभान की नींद हराम हुई

**अपार जनसमर्थन से हरेंद्र सिंह रामरतन प्रचंड जीत की ओर बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं**

**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**



**होडल।** भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र सिंह रामरतन ने आज अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत सर्वप्रथम कारगिल शहीद राजवीर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अपने काफिले को आगे बढ़ाया। ट्रैक्टर पर सवार होकर हरेंद्र का काफिला जब गढ़ी पट्टी गांव पहुंचा तो देखते ही देखते यह भीड़ भारी जनसमूह में उमड़ता चला गया। ट्रैक्टर के काफिले का सेम ट्रैक्टर चलाकर हरेंद्र सिंह राम रतन ने नेतृत्व किया गढ़ी पट्टी गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने बड़ी चौपाल पर हरेंद्र सिंह राम रतन का भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। हरेंद्र सिंह रामरतन ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग टिकट मिलने पर कहा करते थे कि 11 बजे तक हरेंद्र का बस्ता बंद कर देंगे आज जनता का अपार प्यार और जनसमर्थन देखते हुए उन्हें अपनी साख बचानी भारी पड़ रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को अपनी सीट पर बुरी तरह हार कर जा रहे हैं। जनता का मिल रहा प्रचंड जनसमर्थन से कांग्रेस प्रत्याशी उदयभान की नींद उड़ गई है वह उन्हीं लोगों के साथ खड़े हो गए हैं जिन लोगों पर कल तक भ्रष्टाचार का पदार्फाश किया करते थे। इससे साफ जाहिर होता है कि वह पूरी तरह से बौखलाहट से गुजर रहे हैं। इसी क्रम में आज जाट बाहुल्य गांवों में हरेंद्र सिंह का बेशुमार स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। बंचारी गांव में 91 स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र सिंह रामरतन का फूल मालाओं और पगड़ी बांध कर स्वागत किया गया। बंचारी गांव में प्रेम पट्टी, पछा पट्टी और चौथईया पट्टी में लोगों ने भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र सिंह रामरतन और कार्यकताओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। चौथईया पट्टी में पंडित लखमी हवेली,

सीताराम सरपंच, पंडित दीनदयाल, पंडित परशुराम, हरिजन चौपाल, भूपराम सरपंच विष्णु पंडित, लज्जाराम, ब्रह्म मास्टर, चरण सिंह वेदपाल रतना, प्रेम पट्टी में सुनील तेजपाल योगेंद्र डीपी केशव डीपी, जग्गा मेंबर, अशोक सरपंच योगेंद्र, आदि अनेक ग्रामीणों ने अपने निवास पर हरेंद्र सिंह रामरतन का स्वागत किया।

## तलाक की बात पर बौखलाया साला, चाकू से वार कर जीजा का सीना किया छलनी

**गुरुग्राम।** बजघेड़ा थाना क्षेत्र में शराब के नशे में पत्नी से झगड़ा और तलाक की बात कहने पर आक्रोशित साले ने अपने जीजा की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। उसने सब्जी काटने वाले चाकू से सीने पर पांच और गले पर एक बार वार किया। साला अपने जीजा के घर ही रहता था और साथ में काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपित साले को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फिरोजबाद जिले के राजमल गांव निवासी 40 वर्षीय आरिफ परिवार के साथ निहाल कालोनी में रहते थे। इनकी चौमा फाटक के पास सिलाई की दुकान है। 15 साल पहले इनकी शादी फिरोजाबाद के कश्मीरी गेट निवासी शबनम से हुई थी। शादी के बाद से ही इनका साला मो. वसीम भी इनके साथ घर में रहता था और साथ ही सिलाई का काम करता था। दो-तीन साल से आरिफ और शबनम के बीच झगड़े हो रहे थे।

**शराब के नशे में शबनम से करता था झगड़ा**

आरोप है आरिफ शराब के नशे में शबनम से झगड़ा करते थे और तलाक की बात कह कर छोड़ने की धमकी देते थे। इस कारण वह दो तीन दिन से घर भी नहीं जा रहे थे। रविवार सुबह जब शबनम चौमा फाटक स्थित आरिफ की दुकान पर पहुंचीं तो आरिफ पड़ोस में ही हलवाई की दुकान पर बैठे थे। दोनों में फिर से झगड़ा हो गया। इतने में ही वसीम वहां आ गया और उसने जेब से चाकू निकालकर आरिफ के सीने और गले पर कई वार कर दिए।

# सर्व जातीय समाज युवाओं ने भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद को दिया समर्थन

**(अनिल मोहनियां नूंह)**

रविवार सिविल लाइंस रोड़ सनातन धर्म वाटिका (दशहरा ग्राउंड) में सर्व जातीय समाज युवाओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमें खंड के गावों एवं शहर के युवा काफी संख्या में मौजूद रहे, मुख्यत रूप से इस बैठक की अध्यक्षता धौलपुर राजस्थान के पूर्व सांसद डॉ मनोज राजोरिया ने की जिसमें भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद, नूंह जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, पूर्व गौ सेवा आयोग भानीराम मंगला एवं नपा चेयरमैन मनीष जैन बैठक में शामिल रहे। इसी क्रम में उन्होंने सर्व जातीय समाज के युवाओं से हल ही में चल रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए भाजपा पार्टी एवं प्रत्याशी नसीम अहमद के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं समस्त मोर्चों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के युवाओं ने अपनी मूलभूत समस्याएं एवं नाराजगी भाजपा प्रत्याशी एवं जिलाध्यक्ष के समक्ष रखकर आगामी भविष्य में सुधार करने तथा ध्यान देने के लिए कहा और इसके अतिरिक्त मेवात क्षेत्र के युवाओं को रोजगार, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम मनाने, विशेष परिस्थितियों में पुलिस सुरक्षा तथा उनके साथ खड़े रहने के लिए कहा।

इसके अतिरिक्त सरकार से जुड़े युवाओं के प्राथमिक कार्यों को पूरा कराने की भी बाते रखी गई। वहीं भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनने जा रही है और नायब सिंह सैनी दोबारा मुख्यमंत्री होंगे। आप सभी युवाओं के अथक प्रयास से विजय हुआ तो सभी प्राथमिक समस्याएं विधायक होने के नाते उनका निपटारा किया जाएगा और जो खामियां अधूरी रह गई है, उनको पूरा किया जाएगा। इसके अलावा युवाओं को रोजगार, कानूनी मसले, जान माल की सुरक्षा प्रदान की जाएगी और सरकार से जुड़े लोगों के मूलभूत कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि फिरोजपुर झिरका विधानसभा में विकास कार्यों की सूची तैयार की हुई और जैसे ही सरकार पुनः स्थापित होती है। उन सभी कार्यों को भी पूरा कराया जाएगा। इसके उपरांत सभी समस्त युवाओं ने भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद को पुरजोर समर्थन दिया और ज्यादा से ज्यादा भाजपा पक्ष में मतदान का भरोसा जताया इस मौके पर विधान सभा संयोजक जतिन बुसरी,



मंडलाध्यक्ष रमेश आर्य, शिवा सोनी, मंडल महामंत्री सुभाष साहू, एबीपी इंदर बडगुर्जर, अधिवक्ता हेमंत आहूजा, सुभाष, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी अंशुल गोयल, हितेश हरियाणा, सोनू खनगवाल सहित काफी संख्या में युवाओं का यूथ एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फारूख खान ने दिया नगेन्द्र भड़ाना को समर्थन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** जिला परिषद वार्ड नंबर-2 के पार्षद फारूख खान उर्फ सीएम निवासी गांव धौज ने आज एनआईटी 86 से बसपा-इनेलो के संयुक्त प्रत्याशी नगेन्द्र भड़ाना को खुलकर अपना समर्थन दे दिया है। अपने निवास स्थान गांव धौज में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में क्षेत्र के मौजिज पंच, सरपंच व ब्लाक मेम्बरों की उपस्थिति में जिला पार्षद फारूख खान ने नगेन्द्र भड़ाना को अपना समर्थन देते हुए कहा कि नगेंद्र भड़ाना एक नेक इंसान है और अब वो उनके समर्थन में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में तूफानी दौरे कर उन्हें जिताने का काम करेंगे। इसके अलावा जजपा प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेता सुरेश सहरावत ने भी आज अपने सैकड़ों साथियों के साथ जननायक जनता पार्टी को बॉय-बॉय कहते हुए बसपा-इनेलो प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना को अपना पूर्ण



समर्थन दे दिया और वो अपने सैकड़ों साथियों के साथ इनेलो में शामिल हो गए। श्री भड़ाना ने पार्टी में शामिल होने पर उनका पटका पहनाकर एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

गौरतलब है कि चुनाव की शुरूआत से ही लगातार नगेंद्र भड़ाना का कारवां बढ़ता ही जा रहा है, इससे पहले भाजपा के वार्ड नंबर 5, 6 व 10 के तीन पार्षद क्रमश: ललिता यादव, सुरेन्द्र अग्रवाल व मनवीर भड़ाना भी भाजपा छोड़ नगेंद्र भड़ाना का दामन थाम चुके है वहीं पिछली बार आम आदमी पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़े प्रवासी नेता संतोष यादव ने आम आदमी पार्टी छोडकर नगेंद्र भड़ाना का समर्थन कर दिया है और वो गली-गली जाकर लोगों से उनके पक्ष में वोट की अपील कर रहे है। इस अवसर पर नगेंद्र भड़ाना ने अपना समर्थन करने वाले सभी नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि उनका समर्थन करने वाले वह सभी नेताओं का तहेदिल से स्वागत करते है। इस मौके पर धौज गांव से आरिफ सरपंच, इमतियाज सरपंच, टिकरी खेड़ा गांव से तयूब सरपंच, सिरोही गांव से सूरजमल सरपंच, उनके भाई सिराजू सरपंच, अरसद सरपंच, गांव पाली से रघबर सरपंच, उदयवीर डागर गौंछी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# रक्त जांच शिवर में की 75 लोगों जांच

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** श्री लखदातार सेवा ट्रस्ट द्वारा विशाल नि:शुल्क रक्त जाँच शिविर का आयोजन रविवार 22 सितम्बर 2024 सुबह 5:30 बजे से अटल पार्क,सेक्टर 2,बल्लबगढ़ में किया गया जिसमें लाल पैथ लैब सिही गेट रोड बल्लबगढ़ द्वारा पार्क मे आये करीब 75 लोगों की हीमोग्लोबिन/कोलेस्ट्रॉल/ब्लड शुगर की नि:शुल्क जाँच की गयी। ट्रस्ट के चेयरमैन श्याम सुंदर गोयल ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा इसी प्रकार के नि:शुल्क रक्त जाँच शिविर अलग-अलग पार्कों में लगाए जाते हैं जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोग शिविर का फायदा उठा सके।



शिविर को सफल बनाने में ट्रस्ट के चेयरमैन श्याम सुंदर गोयल,प्रधान बृजभूषण गोयल,विपिन शर्मा,धीरज सिंगला,कार्तिके गर्ग,मुरारी लाल गर्ग,हिमांशु मित्तल व प्रदीप गुप्ता ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

# बड़खल विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप के ताबड़तोड़ दौरे

## लोगों का अपार प्यार एवं समर्थन मुझे ऊर्जा देने का काम कर रहा है : विजय प्रताप

**कांग्रेस की सरकार आ रही है, लोग धैर्य रखें, नए विजन के साथ बड़खल विधानसभा का स्वरूप बदल देंगे : विजय प्रताप**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह के द्वारा चलाया जा रहे जन सम्पर्क अभियान के तहत रविवार को भी जगह जगह लोगों का हुजूम उमड़ा, और हजारों लोगों ने पगड़ी बांधकर फूलों की वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। विजय प्रताप सिंह ने कहा कि आपका प्यार और स्नेह रूपी आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है। उसका ऋण में चुनाव जीतने के बाद युद्द स्तर पर गति से विकास कार्यों को करवाकर उतारूंगा। उन्होंने कहा कि उनके पिता पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह के संस्कार ही है और उन्होंने अपने शहर करीब 800




करोड़ के विकास कार्य करवाए थे। यह अपने आप में एक रिकॉरर्ड है। लेकिन मुझे बड़ा दुख होता है जब वह लोगों के बीच जाते हैं और लोग उन्हें कहते हैं कि सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है। नालों की सफाई न होने से बदबूदार पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। हल्की सी बरसात से ही शहर जलमग्न हो जाता है।ओल्ड अंडर पास पर अभी हाल ही में दो बैंक कर्मियों की मौत हो गई, यह पहली मौत नहीं है अक्सर ही बरसात के दौरान ऐसे हादसे होते रहते हैं। ग्रीनफील्ड अंडरपास का भी यही हाल हैं। यहां सीएम घोषणा के पांच साल बाद भी लोगों को जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिली। न ही लोगों की कोई सुनवाई हो रही है। लेकिन जनता अपने वोट की ताकत से ऐसे लोगों को मुंह तोड़ जबाव देगी। कांग्रेस की सरकार आ रही है, लोग धैर्य रखें, नए विजन के साथ बड़खल विधानसभा का स्वरूप बदल देंगे। आगामी 5 अक्टूबर को आपकी वोट बड़खल विधानसभा का भविष्य तय करने जा रही है। लोग बहकावे में न आएं, कांग्रेस का साथ दें। मैं वादा करता हूं कि क्षेत्र का बेटा बनकर सेवा करूंगा। सेवा करने का जज्बा मुझे अपने परिवार के बड़े



बुजुर्गों के संस्कारों से मिला है। विजय प्रताप ने कहा कि आप लोगों का अपार प्यार एवं समर्थन मुझे ऊर्जा देने का काम कर रहा है ।निश्चित रूप से इस बार बडखल की जनता बदलाव चाहती है और भाजपा के 10 वर्ष में बढ़ी महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी एवं अपराध से तंग आ चुकी है। विजय प्रताप सिंह ने इस मौके पर पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर बुजुर्गो को 6 हजार रुपए पेंशन देने का काम पार्टी करेगी। इसके अलावा 300 यूनिट बिजली फ्री एवं गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। हेल्थ को लेकर उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आती है, तो लोगों को अपनी हेल्थ के लिए चिंतित होने की जरूरत नहीं होगी। पार्टी प्रत्येक परिवार का एक हेल्थ कार्ड बनाएगी, जिसकी कीमत मात्र 1000 से लेकर 1500 रुपए रखी जाएगी। इस कार्ड से आप 25 लाख तक का सालाना इलाज किसी भी निजी अस्पताल में करवा पाएंगे। आपको कहीं सीवर बहता हुआ नहीं मिलेगा। कूड़े के ढेर आपको कहीं भी शहर में दिखाई नहीं देंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ये पार्टी के घोषणा पत्र में तो शामिल नहीं, लेकिन मेरा सपना है हरियाणा की सबसे पहली स्पोर्टस सिटी फरीदाबाद में आपको लाकर दूंगा और वो भी बडखल विधानसभा क्षेत्र में। इसके लिए मैंने जगह का भी चयन कर लिया है। उन्होंने कहा कि आप कहीं से भी जाएं आपको टोल देकर ही जाना पड़ेगा और टोल देकर ही वापिस अपने शहर में लौटना होगा। ऐसा दुनिया के किसी शहर में नहीं जहां आपको 6-6 टोल देने पड़ते हैं। उन्होंने वादा किया कि सरकार बनने के बाद आपके तीन टोल हटा दिए जाएंगे। विजय प्रताप ने कहा कि भाजपा सरकार ने घोटालों के सिवाय कुछ नहीं किया। 250-250 करोड़ की फाइलें जल गई, लेकिन धरातल पर कुछ काम नहीं हुआ। पिछले 10 साल में 40 से 50 करोड़ रुपए का बजट शहर के लिए आबंटन हुआ, लेकिन सारा पैसा सरकार में बैठी बड़ी मछलियां डकार गई।

# 2014 का कार्यकाल अच्छा लगा तो 2024 में भी दें आशीर्वाद : विपुल गोयल





**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर प्रदेश में अपना परचम लहराने जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि 5 तारीख तक विपुल गोयल बनकर काम करें और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। विपुल गोयल रविवार को पुष्प वाटिका सेक्टर 10 में कृपाराम शर्मा द्वारा आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 से 2019 तक अगर आपको विपुल के काम अच्छे लगे, तो एक बार फिर से 2024 में मुझे सेवा का मौका अवश्य दें।

विपुल गोयल का पुष्प वाटिका में लोगों ने जोरदार स्वागत किया। विपुल ने कहा कि आप तय करेंगे कि आप लोग मुझे विधायक बनाकर भेजेंगे या मंत्री बनाकर भेजेंगे। अपने संकल्प को बढ़ाते हुए 14 दिन विपुल को दे दो, मैं वादा करता हूं 5 साल आपको पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगर विधायक बना तो 18 घंटे काम करूंगा और क्षेत्र की सड़कों को दुरुस्त करने का काम करेंगे, पार्कों को सुंदर बनाने का काम करेंगे। 5 साल में 2 लाख नौकरी देने का काम हमारी सरकार करेगी, वो भी बिना पर्ची-खर्ची के।

विपुल ने कहा कि देशहित के लिए फिर से एक बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार को लाना जरूरी है और मैं आपको बताना चाहता हूं कि प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार आ रही है। विपुल गोयल ने कहा कि आप लोगों ने जो प्यार और आशीर्वाद मुझे दिया है, उसे सूद समेत वापस लौटाऊंगा। विपुल ने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा में देश के कोने-कोने से लोग आकर अपने आप को स्थापित कर चुके हैं और सभी लोगों का आशीर्वाद मेरे साथ है। उन्होंने कहा कि आने वाली 8 तारीख को आप लोगों के साथ जीत का जश्न मनाएंगे। आज फिर एक बार भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है और आपसे वादा करता हूं कि फरीदाबाद के विकास में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ूंगा।

# कांग्रेस सरकार बनने पर व्यापारियों को दिलाएंगे इंस्पेक्टरी राज से मुक्ति : लखन सिंगला

## कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में लामबंद हुए शहर के व्यापारी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर व्यापारियों व दुकानदारों को इंस्पेक्टरी राज से मुक्ति दिलाई जाएगी और सरकार ऐसी योजनाएं लाएंगी, जिससे व्यापारियों के व्यापार बढ़ेंगे और उन्हें टैक्सों के बोझ से राहत दिलाई जाएगी। श्री सिंगला अपने चुनावी अभियान के तहत सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में शहर के व्यापारियों द्वारा आयोजित किए गए सम्मान समारोह में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सभी व्यापारी कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला के समर्थन में लामबंद नजर आए और उन्होंने उनका फूल मालाओं से स्वागत करते हुए एक स्वर में उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। लखन सिंगला ने कहा कि भाजपा



सरकार ने दस सालों में व्यापारियों व दुकानदारों का शोषण किया है, कभी नोटबंदी तो कभी जीएसटी जैसे काले कानून लागू करके व्यापारियों की कमर तोड़ दी, उनके धंधे चौपट कर दिए। आज व्यापारी मंदी के दौर से गुजर रहा है, टैक्सों के बोझ नीचे दब चुका है और मन ही मन भाजपा सरकार को कोसने लगा है। लखन सिंगला ने कहा कि भाजपा ने जो अच्छे दिनों की बात कही थी, वह पूरी तरह से बेमानी साबित हुई है, दस सालों में व्यापारियों, दुकानदारों व लोगों के अच्छे दिन नहीं बल्कि बुरे दिन आए और उन्होंने बहुत कुछ सहन किया, लेकिन प्रदेश में अब भाजपा का जंगलराज खत्म होने वाला है और कांग्रेस के रुप में नए युग का सूत्रपात होने वाला है इसलिए आप सभी लोग आगामी पांच अक्टूबर को वोट देकर मुझे ताकत प्रदान करे, मैं ताकतवर बनूंगा तो कांग्रेस मजबूत होगी और कांग्रेस मजबूत होगी तो फिर हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री बनेंगे और सरकार बनने के बाद हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जाएंगे। श्री सिंगला ने कहा कि मैं आपके बीच में रहने वाला हूं, पिछले तीस सालों से एक सेवक के रुप में क्षेत्र की सेवा में समर्पित हूं, आपने सभी को मौका दिया, एक मौका मुझे भी दे दो, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास और आपके मान-सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आने दूंगा।

# बल्लभगढ़ में खिलेगा कमल तो सैनी का बेटा नायब सिंह बनेगा मुख्यमंत्री : मूलचंद शर्मा

## ऊंचा गांव में समस्त सैनी समाज का भाजपा को समर्थन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ़।** भाजपा प्रत्याशी का जनसंपर्क अभियान हर रोज तेज गति से तूफानी दौरे में बदल चुका है अलग-अलग समाज के समर्थन मिलने के साथ-साथ भाजपा राज के 10 साल के विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचा जा रहा रहा है। मेवात मित्र वेलफेयर सोसाइटी फरीदाबाद के द्वारा बल्लभगढ़ अग्रवाल धर्मशाला में चाय पर चुनावी चर्चा कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा को समर्थन देने की घोषणा की। ऊंचा गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की ऊंचा गांव ने हमेशा देश हित के लिए बलिदान दिया है शहीद गुलाब सिंह सैनी ने शहीद राजा नाहर सिंह के साथ देश हित में अपना बलिदान दिया था। उन्होंने कहा की बीजेपी ने हमेशा राष्ट्र हित की बात की है शहीदो का सम्मान करने का काम किया है बल्लबगढ़ में आज शहीद राजा नाहर सिंह की दो दो प्रतिमाएं लगवाई है तो शहीद गुलाब सिंह सैनी के नाम पर सामुदायिक भवन का नाम रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब बल्लभगढ़ में कमल खिलेगा तो नायब सिंह हरियाणा का मुख्यमंत्री बनेगा।

पवन सैनी ,सुखराम प्रधान,सुनील सैनी,महावीर सैनी बल्कि समस्त सैनी समाज ने ऊंचा गांव के होली चोक पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में गांव के समस्त सैनी समाज ने अपना भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा को अपना समर्थन देते हुए कहा कि भाजपा पार्टी का हमारे समाज पर एहसान है कि उन्होंने सैनी समाज को सम्मान देते हुए नायब सिंह सैनी को हरियाणा की राजगद्दी पर बिठाया है। हमारा समाज ही नहीं बल्कि सभी गरीब परिवार भाजपा के साथ इस चुनाव में लगेंगे और फिर से नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनायेगे। मेवात मित्र



(मूलचंद शर्मा सभा को सम्बोधित करते हुए: फोटो ओमप्रकाश पंचाल)

वेलफेयर संस्था कि तरफ से प्रधान कुलदीप अग्रवाल, हरिकिशन मंगला, रमेश गर्ग, भीमसेन, गुलशन, सतपाल मंगला, राजकुमार सीकरी, विनोद अग्रवाल, जगमोहन, शंकर लाल सहित मेवात मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी और गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

इसके उपरांत यादव कालोनी स्थित जेनिथ हॉसपिटल बल्लबगढ़ के द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया और आश्वासन दिलाया की आगामी चुनावों में बल्लभगढ़ से विजई होकर विधायक बनेंगे, और बल्लबगढ़ को विकसित बनाने के सपने को पूरा करेगे। भाजपा प्रत्यासी मूलचंद शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर डॉक्टर जीके शर्मा, डॉक्टर प्रियंका, डॉक्टर अनिल नागे, रामचरण मास्टर, सतवीर शर्मा, मानसिंह, पारस जैन, डॉ विनीता शर्मा, डॉक्टर दर्शन, प्रदीप कालीरमन, शिवप्रसाद, जितेंद्र बंसल सहित यादव कालोनी के गणमान्य लोग मोजूद रहे। भाजपा प्रत्याशी शर्मा ने अपने तूफानी दौरे में आज इसके अलावा बल्लभगढ़ सेक्टर 2 डी मार्ट सोसाइटी में बाबूलाल गोड एडवोकेट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर सभी से वोट की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा को सोसायटी की तरफ से समर्थन दिया गया। इस मौके पर बृजमोहन बातिस, जगदीश मास्टर, सीपी सिंह दीपक, गौरव सूद, धीरज शर्मा,ओपी शास्त्री सहित सोसायटी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया और ज्यादा से ज्यादा वोट भाजपा के पक्ष में करने के लिए अपील की। यही नही मूलचंद शर्मा श्री सीताराम मंदिर अस्पताल रोड बल्लभगढ़ पहुंचे। शर्मा ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने वैष्णव समाज द्वारा आयोजित समर्थन कार्यक्रम में शिरकत की ,वैष्णव समाज ने उन्हें समर्थन देने की घोषणा की। इस अवसर पर चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, पूर्व पार्षद दयाचंद यादव, महेंद्र वैष्णव, रविंद्र वैष्णव, शिक्षाविद दीपक यादव, नंदू वैष्णव, गजेंद्र वैष्णव, गायत्री देवी, सुषमा यादव साहित्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने हाथ उठाकर मूलचंद शर्मा को अपना समर्थन दिया और उन्हें आशीर्वाद दिया कि वह एक बार फिर तीसरी बार बल्लभगढ़ विधानसभा से विधायक बनेंगे और बल्लभगढ़ के जन जन की आवाज को चंडीगढ़ तक पहुंचाएंगे।

इसके अलावा उत्तराखंड स्पोर्ट्स 14 ऑल इंडिया ओपन नेशनल वालीबाल टूनार्मेंट सेक्टर 3 में आयोजित हुए,यहां भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा पहुंचे और सभी खिलाड़ियों से परिचय किया और खेलो की शुरूआत कराई। कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्मण राणा, प्रधान राजेंद्र नेगी, विनोद पटवाल, नरेंद्र नेगी, बलबीर रावत, भीम सिंह, हरीश रावत नवीन चेची,जगजीत ढिल्लों, डॉक्टर शिवानी सहित उत्तराखंड भ्रात मंडल की टीम उत्तराखंड स्पॉट वेलफेयर सेक्टर 3 के सभी सदस्य गण, श्री बद्री केदार मंदिर की समस्त टीम मौजूद रही।

## संपादकीय

# शैलजा की नाराजगी कांग्रेस पर पड़ेगी भारी




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

हरियाणा में 10 साल से सत्ता से बाहर रही कांग्रेस के लिए इस बार उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है। हालांकि, पार्टी के सामने अंतरकलह की स्थिति भी देखने को मिल रही है। स्थितियां सत्तारूढ़ भाजपा के लिए भी सहज नहीं है। किसान, जवान और पहलवानों की नाराजगी को कांग्रेस भुनाने की कोशिश कर रही है। यही कारण है कि कांग्रेस के लिए एक मंच तैयार होता दिखाई दे रहा है। लेकिन आंतरिक युद्ध की वजह से पार्टी के लिए स्थितियां मुश्किल होती दिखाई दे रही है।

कांग्रेस के लिए दिक्कत ये है कि उसकी वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा नाराज बताई जा रही है। भूपिंदर सिंह हुड्डा को आलाकमान का ज्यादा समर्थन मिला है। यही कारण है कि कुमारी शैलजा हाशिए पर दिख रही हैं। इसी वजह से वह चुनाव प्रचार से भी दूर हैं। रणदीप सिंह सुरजेवाला भी नाराज दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, पार्टी कम से कम 10 विद्रोहियों को मनाने में भी कामयाब रही, जो उसके आधिकारिक उम्मीदवारों की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकते थे। पार्टी प्रबंधकों को लगता है कि राज्य इकाई पर दबदबा रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा और वरिष्ठ नेताओं शैलजा और रणदीप सुरजेवाला के बीच एकता की कमी 5 अक्टूबर के चुनावों के लिए उनकी तैयारियों को प्रभावित कर रही है।

दावा किया जा रहा है कि टिकट आवंटन के दौरान हुई अनदेखी और अभद्र टिप्पणियों की वजह से कुमारी सैलजा नाराज हैं। इसी कारण वह कांग्रेस उम्मीदवारों के प्रचार से दूर रह रही हैं। कुमारी सैलजा की नाराजगी की वजह एक यह भी है कि टिकट आवंटन में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को ज्यादा महत्व दिया गया। उनके करीबियों को टिकट नहीं दी गई है। आरोप लग रहा कि हुड्डा के करीबियों 90 में से 72 सीटों पर टिकट दिया गया है। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि शैलजा ने अपने खेमे के लिए 30 से 35 सीटें मांगी थीं। हालाँकि, कांग्रेस आलाकमान ने भूपिंदर सिंह हुड्डा खेमे को 72 टिकट आवंटित किए। शैलजा नारनौंद विधानसभा सीट से अपने करीबी सहयोगी डॉ. अजय चौधरी के लिए टिकट हासिल करने में भी असफल रहीं।

उनकी चुप्पी पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जिससे उसे वोट मजबूत करने से रोका जा सकता है। पार्टी में सबसे वरिष्ठ दलित चेहरों में से एक कुमारी शैलजा राज्य के कई विधानसभा क्षेत्रों में प्रभाव रखती हैं। कुमारी शैलजा को लेकर फिलहाल पार्टी कार्यकर्तों में भी भ्रम दिखाई दे रहा है। कुमारी शैलजा के समर्थकों के साथ-साथ दलित समाज में भी आक्रोश फैल रहा है। हालांकि, हरियाणा में तीनों वरिष्ठ नेताओं में से कोई भी विधानसभा चुनाव के लिए एक साथ प्रचार करते नहीं दिख रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान भी यही स्थिति थी। लोकसभा सदस्य और हुडा के बेटे दीपेंद्र हुडा ने यात्रा निकाली थी। शैलजा भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले एक अलग यात्रा पर निकलीं। हाल ही में बुधवार को, शैलजा और सुरजेवाला ने राज्य के लिए पार्टी की सात गारंटी के उद्घाटन समारोह में उपस्थित नहीं होने का फैसला किया।

पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने चर्चाओं को बढ़ाते हुए उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। कांग्रेस के भीतर शैलजा की स्थिति अनिश्चित बनी हुई है क्योंकि उनकी भागीदारी में कमी पार्टी में उनके भविष्य पर सवाल उठाती है। करनाल में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, खट्टर ने इस बात पर जोर दिया कि शैलजा सम्मान और देखभाल की हकदार हैं, उन्होंने कहा, हम उन्हें भाजपा में शामिल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमारी दलित बहन (कुमारी शैलजा), आखिरकार, दलित समुदाय और अनुसूचित जाति समुदाय से हैं, सभी से देखभाल और सम्मान की हकदार हैं। समाज में किसी को अपमानित करना वर्जित है। यदि कोई पंचायत में आपके विरुद्ध खड़ा हो जाता है तो भी उसे तवज्जो दी जाती है। लेकिन इसके बजाय, आप सभी ने समुदाय को कोसा है, जबकि वह चुप बैठी है। समाज का एक बड़ा वर्ग अब सोच रहा है कि क्या किया जाए और लोग इससे परेशान हैं; हमने उन्हें अपने साथ शामिल कर लिया है। हम उन्हें लेने के लिए तैयार हैं।

# टेकचंद शर्मा को जिताकर भेज दो, पृथला क्षेत्र के विकास की जिम्मेवारी मेरी : कृष्णपाल गुर्जर

## भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे केंद्रीय राज्यमंत्री



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि देश की सत्ता पर सबसे ज्यादा समय तक शासन करने वाली कांग्रेस ने देश-प्रदेश का विकास नहीं किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा दस सालों में किया गया विकास कांग्रेस के 65 सालों के विकास पर भारी है। 2014 में भाजपा को आपने देश और हरियाणा में सरकार बनाने का मौका दिया और दस सालों में भाजपा सरकार ने देश व प्रदेश का स्वरुप बदलने का काम किया है। श्री गुर्जर रविवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव दयालपुर में भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा के संयोजन में केंद्रीय राज्यमंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान जिला पार्षद कुलबीर देशवाल ने अपने समर्थकों सहित भाजपा प्रत्याशी टेकचंद शर्मा का समर्थन करते हुए लोगों से उन्हें विजयी बनाने की अपील की। जनसभा में कृष्णपाल गुर्जर ने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि हरियाणा में 6500 गांव है, कांग्रेस ने दस सालों में 731 गांवों में चौबीस घण्टे बिजली दी, जबकि हमने दस सालों में 5800 गांवों में चौबीस घण्टे बिजली देने का काम किया। उन्होंने कहा कि पहले गरीब इलाज के अभाव में दम तोड़ देता था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान योजना के तहत 10 करोड़ परिवारों को पांच लाख वार्षिक इलाज का लाभ देने का काम किया। गरीब भूखा नहीं सो, इसलिए हर महीने पांच किलो राशन गरीबों को दिया जाता है, दस करोड़ महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत घरेलू रसोई गैस सिलेंडर दिए, 11 करोड़ शौचालय बनवाए, हाईवे का जाल बिछाया गया, रेलवे का नवीनीकरण, अस्पताल, यूनिवर्सिटी हर क्षेत्र में भाजपा सरकार ने काम किए है इसलिए आपको विपक्ष के झूठे प्रलोभनों में न आकर विकास का साथ देना है और पृथला क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी टेकचंद शर्मा को भारी मतों से जिता है। उन्होंने कहा कि टेकचंद शर्मा को जिताकर विधानसभा भेज दो, पृथला क्षेत्र की जिम्मेवारी मेरी होगी।

इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा कि आज समूचे पृथला क्षेत्र में भाजपा की लहर चल रही है और प्रत्येक व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी के साथ जाकर क्षेत्र का विकास करवाना चाहता है। उन्होंने कहा कि सुशासन और विकास का दूसरा नाम भारतीय जनता पार्टी है और इसी को लेकर वह लोगों के बीच समर्थन मांगने जा रहे है और उन्हें छत्तीस बिरादरी का पूर्ण समर्थन मिल रहा है, क्षेत्र की जनता इस बार यकीनन पृथला में कमल खिलाकर भाजपा को मजबूत करने का काम करेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला, बलदेव अलावलपुर, धर्म चौधरी, जिला पार्षद अनिल पाराशर, खेमचंद सैनी, विनोद भाटी, सुरेंद्र करदम, रंजीत सिंह, हरेंद्र बीसला सहित अनेकों गांवों के पंच.सरपंच व मौजिज लोग मौजूद थे।

# वोट के रुप में मुझे दे दो, मेरे बीस सालों के संघर्ष का मेहनताना : ललित नागर

## चौरासी के बड़े गांव नीमका में हुआ पंचायती उम्मीदवार का भव्य स्वागत



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने शहीद राजा जैतसिंह की धरती एवं चौरासीपाल के बड़े गांव नीमका से विजयी हुंकार भरते हुए जनता से अपने बीस सालों के जनहित में किए गए कार्यो का मेहनताना वोट के रुप में मांगा। उन्होंने कहा कि आज वह किसी दल के प्रत्याशी नहीं बल्कि जनता जनार्दन के उम्मीदवार के रुप में आपके बीच में आए है क्योंकि पिछले बीस साल से मैंने कांग्रेस पार्टी में रहते हुए तिगांव चौरासी के साथ-साथ क्षेत्र छत्तीस बिरादरी की आवाज को बुलंद किया है। लेकिन आज मैं ऐसे संकट के समय में आपके बीच में आया हूं, जब कांग्रेस पार्टी ने मेरी टिकट काटकर मेरे साथ ही नहीं बल्कि सीधे-सीधे तिगांव क्षेत्र की जनता का अपमान किया है और इस अपमान का बदला आप अपने वोट रुपी ताकत से लेने का काम करे। उन्होंने लोगों से एकजुट होकर 'नारियल फार्म' के बटन पर मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आपका दिया गया एक-एक वोट तिगांव क्षेत्र के विकास और रोजगार में सहायक बनेगा। ललित नागर आज अपने चुनावी अभियान के तहत वीरों की भूमि चौरासीपाल के बड़े गांव नीमका में उनके सम्मान में ग्रामीणों द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सभा में उमड़े जनसमूह ने ललित नागर का अभिवादन करते हुए दोनों हाथ उठाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में पहुंचने से पूर्व श्री नागर ने अमर शहीद राजा जैत सिंह नागर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान के गांव के बुजुर्गो ने जहां उनका सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर सम्मान किया, उनके सिर पर हाथ रखकर विजयश्री का आर्शीवाद भी दिया। इससे पूर्व उन्हें गांव की सीमा से युवा बिग्रेड पूरे उत्साह जुलूस के साथ कंधों पर बिठाकर सभा स्थल तक लाए, इस दौरान युवाओं का उत्साह और जोश देखने लायक था। जेसीबी मशीनों के मदद से ललित नागर पर पुष्प वर्षा कर उनका शहीदों की पावन धरा पर पहुंचने पर सम्मान किया गया। समर्थन सभा में उमड़े अपार जनसैलाब से गद्गद् पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने भाव-विभोर होकर नीमका की जनता के समक्ष सिर झुकाते हुए कहा कि आज निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में भी जो जनता ने इतनी भारी तादाद में एकत्रित होकर मुझे अपना आर्शीवाद दिया है, इसके लिए वह दिल से आभारी है और जो मेरे इस कठिन समय में सम्मान रुपी मेरे सिर पर पगड़ी बांधी है, मैं इस पगड़ी का मान झुकने नहीं दूंगा। समारोह में भारतीय वीर दल के राष्ट्रीय महासचिव ने अपनी पार्टी की ओर से ललित नागर अपना समर्थन देते हुए लोगों से उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

# 36 बिरादरी के आर्शीवाद से एनआईटी में खिलेगा भाजपा का कमल का फूलः सतीश फागना



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना का जोश हाई है क्योकि वह विधानसभा के जिस भी क्षेत्र में जाते है जनता उन्हें देखने और मिलने के लिए लालायित रहती है। आज भी सतीश फागना का एनआईटी-86 के अंर्तगत आने वाली विभिन्न कालोनियों में जनसम्पर्क अभियान के दौरान महिलाओं,पुरूषों एवं युवाओं द्वारा भारी उत्साह के साथ जगह जगह फूल बरसाकर और पगड़ी पहनाकर स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम से गदगद् हुए प्रत्याशी सतीश फागना ने कहा कि आप लोगों ने जो मान सम्मान आज मुझे दिया है उसे वह विकास कार्यो के द्वारा उतारने का काम करेगें। उन्होनें कहा कि आपके उत्साह को देखकर लगता है इस बार 36 बिरादरी के आर्शीवाद से एनआईटी में भाजपा का कमल का फूल अवश्य खिलेगा। सतीश फागना ने निर्वतमान विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि पाचं वर्ष के कार्यकाल में विधायक जनता के लिए कोई ठोस काम नही कर पाया। इसलिए एनआईटी विकास परियोजनाओं में काफी पिछड़ गया। उन्होनें कहा कि 5 अक्टूबर को कमल का फूल चुनाव चिन्ह का बटन दबाकर आपने अपने क्षेत्र की तरक्की और खुशहाली के द्वार खोलनें के साथ साथ इस ड्रामेबाज निर्वतमान विधायक की नौटंकी पर लगाम लगाने का काम करना है है। इस मौके पर लोगों ने आश्वासन दिया कि वे भाजपा में आस्था रखते हुए सतीश फागना को अवश्य जिताऐं।

# आप प्रत्याशी प्रवेश मेहता का फरीदाबाद शहर में धूंआधार प्रचार

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के फरीदाबाद शहर से उम्मीदवार प्रवेश मेहता का प्रचार तेज गति से चल रहा है। जनता भी हर चौक चौराहे और गली की बाहर उनका जोरदार स्वागत कर रही है। प्रवेश मेहता ने अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत गोपी कालोनी,पटेल नगर,मिलहाड़ कालोनी,कृष्णा कालोनी में दौरा कर लोगों से झाड़ू के चुनाव चिन्ह का बटन दबाने और उन्हें भरी मतों से विजयी बनाने के अपील की। प्रवेश मेहता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के लाल अरविन्द केजरीवाल ने पूरे देश की राजनीति की दशा और दिशा बदल दी है। कांग्रेस और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू है,दोनों ने ही जनता को भरपूर लूटा है। इसलिए एक बार आम आदमी पार्टी को वोट देकर देखें आपके यहां भी वर्ल्ड क्लॉस स्कूल और अस्पताल बनेगें। भाजपा ने किसान,जवान और पहलवान को धोखा दिया। प्रवेश मेहता ने कहा कि जनता का मिल रहा प्यार और सम्मान मेरे लिए अतुलनीय है। जनता का विश्वास और सहारा ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है जो मुझे चड़ीगढ विधायक बनाकर भेजेगी।

# कांग्रेस का काम झूठ बोलकर वोट लेना और वादों से मुकर कर जनता से फरेब करना है : सुरेंद्र नागर

**भाजपा सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर ने फरीदाबाद में भाजपा पदाधिकारियों के साथ की चुनाव पर रणनीतिक चर्चा**

**प्रदेश सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर और संजय भाटिया ने संगनात्मक बैठक कर कार्यकताओं में भरा जोश**




**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** हरियाणा भाजपा के सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर और पूर्व सांसद संजय भाटिया ने फरीदाबाद की सभी विधानसभाओं में बैठक कर भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ चुनाव पर राजनीतिक चर्चा की और कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। विधानसभाओं में आयोजित संगठनात्मक बैठकों में विधानसभा प्रवासी, विधानसभा प्रभारी, संयोजक, मंडल प्रभारी, बीएलए - 1, विधानसभा में रहने वाले जिला पदाधिकारी भाजपा एवं भाजपा मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रमुखों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया। प्रदेश सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर ने फरीदाबाद, तिगांव और पृथला विधानसभाओं में बैठक ली और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।


बैठकों में नागर ने पदाधिकारियों से संगठन व सरकार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने नॉन स्टॉप विकास कर जन-जन को सशक्त करने का कार्य किया है। प्रदेश की जनता अच्छे से जानती है भाजपा की सरकार ही उनका भला कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम जनता से झूठ बोलकर वोट लेना और वादों से मुकर कर जनता के साथ फरेब करना है। कांग्रेस झूठ और फरेब का सहारा लेकर सत्ता की वापसी करना चाहती है, लेकिन हरियाणा की जनता जागरूक है और कांग्रेस को सबक सिखाएगी। श्री नागर ने कहा कि संगठनात्मक शक्ति में हमारी सबसे बड़ी पार्टी है और प्रदेश के पार्टी के कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह और जोश है। कार्यकर्ता मन में जीत का संकल्प लेकर घर-घर जाएं और लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

पूर्व सांसद संजय भाटिया ने एनआई टी, बडखल और बल्लभगढ़ विधानसभाओं में बैठक लेकर कार्यकताओं को संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। संजय भाटिया ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बूथ प्रबंधन और जन संपर्क को लेकर रणनीतिक चर्चा की और कार्यकताओं को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। श्री भाटिया ने कहा कि मंडल, मोर्चों और शक्ति केंद्र प्रमुख के कार्यकर्त्ता अपने अपने बूथ पर जन संपर्क करें और यह सुनिश्चित करें की एक-एक वोट कमल पर फूल पर पड़े। संजय भाटिया ने भाजपा के जिले एवं मंडल पदाधिकारियों की बातें सुनीं। श्री भाटिया ने पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव जीतने की जिम्मेदारी आपके कंधों पर है। आप इस दायित्व को निश्चित ही निभाएंगे। उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता 100 प्रतिशत मेहनत करता है तो परिणाम भी 100 प्रतिशत ही मिलेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि केंद्र और राज्य में भाजपा ने 10 साल में जितने जनकल्याणकारी कार्य किए हैं उतने कांग्रेस ने दशकों तक शासन करने के बाद भी नहीं किए। श्री भाटिया ने कि प्रदेश का कोई भी वर्ग कांग्रेस को सत्ता में देखना नहीं चाहता और सभी वर्ग भाजपा को तीसरी बार सत्ता सौंपना चाहते हैं। संजय भाटिया ने कहा हुए भाजपा ही तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाकर एक नया इतिहास बनाएगी।

बैठकों में चुनाव जिला प्रभारी पूर्व केन्द्रीय कानून मंत्री पी.पी. चौधरी, जिला चुनाव सह प्रभारी बिनोद कटियार, प्रवासी प्रभारी बिमला सोलंकी, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, नीरा तोमर, पूर्व महापौर सुमन बाला, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, आर. एन सिंह, बिजेन्द्र नेहरा, हुक्म सिंह भाटी, लखमी चंद भारद्वाज, अमित भारद्वाज, उम्मीदवारों के प्रतिनिधि, जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, पंकज रामपाल, सुखबीर मलेरना, अनिल नागर, पंकज रामपाल, पंकज सिंगला, भारती भाकुनी, सुनीता बघेल, राजन मुथरेजा, अनीता शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में ट्रेकिंग अभियान का होगा आयोजन : हरविंदर

**सुबह 6 बजे सरस टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, दमदमा से बड़ा जोहड़ (तालाब) तक शुरू होगा अभियान का आयोजन**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आगामी 27 सितंबर 2024 को विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष में हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में फरीदाबाद की खूबसूरत अरावली पहाड़ियों में एक रोमांचक ट्रेकिंग अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह ट्रेकिंग 28 सितंबर, 2024 को सुबह 6 बजे सरस टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, दमदमा से बड़ा जोहड़ (तालाब) तक होगी। अभियान अरावली पहाड़ियों के शांत परिदृश्यों का पता लगाएगा और शुरूआती बिंदु से अंतिम गंतव्य तक 4.5 किमी की दूरी तय करेगा।

हरियाणा पर्यटन निगम से हरविंदर सिंह ने बताया कि यह ट्रेकिंग ट्रेल ट्रेकिंग के शौकीनों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है और उन्हें प्रकृति का पता लगाने, जैव विविधता का अध्ययन करने, पक्षी देखने, पेड़ों की पहचान करने और संभावित वन्य जीव देखने का अवसर देगा। यह ट्रेकिंग अभियान हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित किए जा रहे कई कार्यक्रमों में से एक है, जैसे मोरनी हिल्स पर ट्रेकिंग, होटल राजहंस फरीदाबाद, तिलयार टूरिस्ट रिसॉर्ट, रोहतक, रेड बिशप टूरिस्ट रिसॉर्ट, पंचकूला और कई अन्य स्थानों पर रोमांचक अच्छे उत्सव। यह कार्यक्रम ट्रेकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है और निश्चित रूप से इस अनूठे अनुभव का हिस्सा होना चाहिए।

## कुरुक्षेत्र जिले में 3 अलग-अलग नहरों में डूबे 3 युवक, सर्च अभियान जारी



कुरुक्षेत्र । कुरुक्षेत्र जिले में आज अलग-अलग तीन स्थानों पर युवकों के नहर में डूबने का मामला सामने आया है। गोताखोर प्रगट सिंह और उनकी टीम नहर में डूबे युवकों की तलाश में जुटी हुई है। वहीं संबंधित थाना से पुलिस की टीमें भी मौके पर पहुंच सर्च अभियान में जुटी है। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले गांव खनोदा पुंडरी के रहने वाले 22 साल का युवक के नहर में डूबने का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार दबखेडी नहर के पास और किरमच नहर के पास भी युवक के डूबे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टीमें फिलहाल तीनों स्थानों में सर्च अभियान में जुट गई है। वहीं पुलिस अधिकारी रामनिवास ने भी मामले की जानकारी देते हुए बताया कि एक युवक के नहर में डूबने की संभावना है जिसको लेकर सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

## राज्यसभा सांसद सुभाष बराला सड़क दुर्घटना में घायल, कमल गुप्ता ने अस्पताल पहुंच जाना हाल-चाल



हिसार । भिवानी सिवानी ऐरिया के शेखपुरा के पास राज्यसभा सांसद सुभाष बरावा की गाड़ी पेड से टकरा गई। सड़क दुघर्टना में घायल सांसद सुभाष बराला को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्ताल में भर्ती करवाया गया है। हिसार से बीजेपी प्रत्याशी कमल गुप्ता सुभाष बराला का हाल चाल पूछने के लिए हिसार के निजी अस्पताल में पहुंचे है। बताया जा रहा कि कमर, गर्दन और हाथ पर चोट आई है। हादसे में ड्राइवर को चोट नहीं लगी है। बताया जा रहा है कि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला लोहारु विधानसभा के प्रत्याशी जेपी दलाल के चुनाव प्रचार में आए हुए थे। सुभाष बराला प्रचार के लिए सात से आठ गांव में गए थे। अखिरी कार्यक्रम के बाद गाड़ी में लौट रहे थे, अचानक शेरपुरा गांव के पास गाड़ी ब्रेकर के कारण अनियंत्रित हो गई और कार के पेड़ से टकराने से यह हादसा हो गया है। सासंद गाड़ी में आगे बैठे हुए थे जिससे सीट बैल्ट से बचाव हो गया। उन्हें निजी एंबुलेस में हिसार में उपचार के लिए ले जाया गया जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

## कैथल पुलिस की गिरफ्त से कैदी फरार, बिजली ट्रांसफॉर्मर चोरी मामले में था जेल में बंद

कैथल । कैथल पुलिस की कस्टडी से एक कैदी फरार होने का मामला सामने आया है। आरोपी के पिता व भाई के ऊपर ट्रांसफार्मर चोरी के 50 से अधिक मामले दर्ज हैं। शनिवार को गुहला पुलिस द्वारा तीनों पिता पुत्रों को जेल से प्रोटेक्शन वार्ड पर लाया गया था। जिनको ट्रांसफार्मर चोरी के एक अन्य मामले में गुहला कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट में पेश करने के बाद जब पुलिस उसे वापस जेल छोड़ने जा रहे थे, तब कैथल के अंबेडकर चौक के नजदीक आरोपी विक्रम पुलिस की गाड़ी से कूद गया। पुलिस की कई टीमों ने आरोपी को ढूंढने की कड़ी मशक्कत को लेकर खड़ा संज्ञान लिया है। एस.पी ने ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इनमें एक ए.एस.आई जय भगवान और एक सिपाही और होमगार्ड का नाम शामिल है।

पुलिस कस्टडी से फरार होने वाले आरोपी का नाम विक्रम पुत्र राजकुमार है। जो पातडा (पंजाब) का रहने वाला है। विक्रम के साथ कैथल जेल में उसके पिता व भाई भी ट्रांसफार्मर चोरी के केस में बंद है। तीनों पिता पुत्रों पर 50 से अधिक ट्रांसफार्मर चोरी के मामले दर्ज है। कैथल की सीआईए पुलिस ने 2 महीने पहले ही ट्रांसफार्मर चोरी गिरोह को पकड़ा था। आरोपियों के खिलाफ कैथल के अलावा हरियाणा और पंजाब दोनों राज्यों के कई जिलों में ट्रांसफार्मर चोरी के दर्जनों मामले दर्ज हैं। आरोपियों ने ट्रांसफार्मर चोरी करने को लेकर अपनी एक गैंग बनाई हुई थी, जिसका खुलासा कैथल पुलिस ने किया था। आरोपी किसान के खेत से रात के समय ट्रांसफार्मर चोरी करते थे, इसके बाद इनके पार्ट्स को बेच देते थे।

**लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर होगा मामला दर्ज-एसपी**

कैथल एस.पी राजेश कालिया ने बताया कि मामले में लापरवाही बरतने वाले एक ए.एस.आई सहित दो अन्य कर्मचारियों के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही बरतने का मामला दर्ज करवाया जाएगा। इसके साथ उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाए।

## सड़क के बीच में ट्रैक्टर ट्राली रोक कर यातायात बाधित करने के आरोप में चालक के खिलाफ केस दर्ज

**कनीना :** कनीना बस स्टैंड के नजदीक ट्रैक्टर-ट्राली रोड के बीच में खड़ा कर यातायात बाधित करने के आरोप में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है` सिटी थाना इंचार्ज रतन सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक सड़क के बीच में ट्रैक्टर बंद कर आराम से बैठा हुआ था, जिससे यातायात अवरुद्ध हो रहा था` पुलिस ने यातायात बाधित करने के आरोप में आरोपी ट्रैक्टर चालक संदीप कुमार निवासी गोला हेड़ा, मुंडावर राजस्थान के खिलाफ बीएस की धारा के तहत केस दर्ज वाहन को कब्जे में ले लिया`

## बाइक एसेसरीज की दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का कीमती सामान चोरी

**कनीना**

कनीना में संचालित बाइक एसेसरीज की दुकान से अज्ञात चोर लाखों रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए` इस बारे में विक्की निवासी बाघोत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने कनीना बस स्टैंड के समीप बाइक एसेसरीज की दुकान की हुई है` रोजमर्रा की भांति वह दुकान को बंद करके गया था, 21 सितंबर को उसके पड़ोसी ने दुकान का ताला टूटे हुए की सूचना दी` आकर देखा तो दुकान से प्रिंटर, फ्लेक्सी मशीन, कंप्यूटर, एलॉय व्हील तथा एसेसरीज का अन्य सामान गायब मिला` सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका-मुआयना कर छानबीन की` पुलिस ने विक्की की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है`

# कांग्रेस रोहतक और हरियाणा को 20 साल पीछे धकेलना चाह रही, भाजपा ऐसा नहीं होने देगी: नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़** । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को रोहतक में भाजपा प्रत्याशी मनीष ग्रोवर के समर्थन में रैली की। नॉन-स्टॉप विकास, भाजपा पर विश्वास जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री ने रोहतक को अपनी कर्मस्थली बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर कम समय मिला है, लेकिन उस कम समय में भी हरियाणा के लिए मजबूत फैसले लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीति स्पष्ट थी और विजन भी क्लियर था।

हमें पता था कि किस गति पर चलना है, इसीलिए मात्र 56 दिनों में हरियाणा के विकास के लिए 126 मजबूत फैसले लिए। रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस को जमकर घेरा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस बूढ़ी हो चुकी है, हुड्डा और उनके बूढ़े नेता हरियाणा और रोहतक को 2014 से पहले वाले भयानक दौर में ले जाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा को आगे नहीं बढ़ाना चाहती, बल्कि 20 साल पीछे घसीटना चाहती है।

कांग्रेस पार्टी फिर से 2014 से पहले की स्थिति पैदा करना चाहती है जहां वे नौकरियों को बेचते थे और गरीब व्यक्तियों को नौकरी पाने के लिए अपनी जमीन-जेवरात बेचने पड़ जाते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच आज भी 2014 से पहले वाली ही है और उसमें कोई भी परिवर्तन नहीं आया है। कांग्रेस के उम्मीदवारों की अधिक आयु पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के बहुत सारे उम्मीदवार 70 वर्ष से अधिक की आयु के हैं, इसलिए कांग्रेस अब बूढ़ी हो चुकी है और गति से काम नहीं कर सकती।

कांग्रेस के किलोई, गन्नौर, गोहाना और असंध के प्रत्याशी 70 वर्ष से ज्यादा की उम्र के हैं। कांग्रेस ने बूढ़े लोगों पर दांव खेला, लेकिन मैं हुड्डा साहब, कुलदीप शर्मा और कादियान को यकीन दिलाता हूं कि वे अपने स्वास्थ्य की चिंता न करें भाजपा की सरकार ने उनके लिए भी आयुष्मान कार्ड से अलग 5 लाख रुपये प्रति वर्ष की व्यवस्था कर दी है।

**भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हैं भूपेंद्र सिंह हुड्डा**

भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हुए हैं, उनके 850 करोड़ रुपये ईडी ने जब्त कर लिए हैं और वह कहते हैं कि भाजपा ने संकल्प पत्र में उनकी नकल कर ली, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि उनकी नकल कोई भी नहीं कर सकता। कांग्रेस का झूठ का पुलिंदा उतरते ही उनके एक प्रत्याशी ने जनता के बीच में खड़ा होकर यह कह दिया कि जब कांग्रेस की सरकार आएगी तो वह दो लाख नौकरियां देंगे, जिसमें से उनके हिस्से में 2000 नौकरियों का कोटा आएगा।

**झूठ का पुलिंदा है कांग्रेस का घोषणापत्र**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस की सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र मात्र एक झूठ का पुलिंदा है। यही झूठ का पुलिंदा लेकर कांग्रेस हिमाचल में गई थी और वहां तरह-तरह के वादे किए थे, लेकिन आज सरकार बने हुए 2 साल हो गए हैं और उनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ, प्रदेश को आर्थिक संकट में धकेल दिया। इसी झूठ के पुलिंदे के साथ वे कर्नाटक और तेलंगाना में गए थे और अब हरियाणा में आ गए हैं। हरियाणा में कहावत है कि जितनी चादर हो उतने ही पैर पसारने चाहिए, लेकिन कांग्रेस पार्टी की चादर अब पूरी तरह से फट चुकी है। कांग्रेस के सभी नेता यही मन कर बैठ गए हैं कि उनकी सरकार बनने वाली है लेकिन 8 तारीख को जब नतीजे आएंगे तो उनका सुपड़ा साफ हो जाएगा।

**भाजपा का संकल्प पत्र हमारे लिए पूजनीय, हर वादा पूरा करेंगे**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हमारे लिए हमारा संकल्प पत्र मंत्र कोई चुनावी दस्तावेज नहीं बल्कि श्रद्धा का पात्र है और पूजनीय है और हम इसे 5 साल में पूरी तरह धरातल पर उतारेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर लाडो लक्ष्मी योजना के अंतर्गत महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। आईएमटी खरखोदा की तर्ज पर हरियाणा के 10 जिलों में आईएमटी लगाने का काम शुरू होगा, आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत खर्च की सीमा को बढ़कर 10 लाख प्रति वर्ष कर दिया जाएगा, प्रदेश में बिना किसी खर्ची-पर्ची के 2 लाख नौकरियां दी जाएंगी, हर जिले में एक ओलंपिक खेल नर्सरी बनाई जाएगी, प्रत्येक अग्निवीर को सरकारी नौकरी दी जाएगी, पिछड़े वर्ग के समाज के युवाओं को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से अलग 25 लाख रुपये ऋण भी प्रदान किए जाएंगे और 5 लाख शहरी और ग्रामीण मकान बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि संकल्प पत्र में शामिल 20 संकल्पों के अतिरिक्त भी आम जनता के सुझावों पर काम कर उन्हें धरातल पर उतारा जाएगा, और 8 अक्टूबर के बाद प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार दोगुनी तेसे विकास कार्य करेगी।

**आतंकवादियों को शहीद का दर्जा दे रही कांग्रेस**

जम्मू कश्मीर के चुनाव के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां नेशनल कांफ्रेंस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि अगर वे सरकार में आए तो धारा 370 को फिर से लागू कर देंगे, और जवानों की गोली से मारे गए आतंकवादियों को शहीद का दर्जा देंगे, जो अलगाववाद की वकालत करते हैं, उन्हें सरकारी नौकरी देंगे। कांग्रेस ने ऐसे दल के साथ गठबंधन कर लिया है। कांग्रेस और भूपेन्द्र सिंह हुड्डा बताएं कि क्या वे फिर 2014 से पहले का मंजर लाकर, हरियाणा के सीमा पर खड़े नौजवानों पर गोलियां चलवाना चाहते हैं? कांग्रेस को अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए, अन्यथा जनता उन्हें जवाब देने के लिए तैयार है।



**56 दिन हुड्डा के 10 साल पर भारी पड़ेंगे**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि हुड्डा साहब 10 वर्षों तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और मैंने मात्र 56 दिनों के कार्यकाल में काम किया, फिर भी मेरे 56 दिन उनके 10 वर्षों के कार्यकाल पर भारी पड़ेंगे। हरियाणा की भाजपा सरकार ने एक लाख से कम आय वाले 23 लाख परिवारों को हैप्पी कार्ड दिया, जिससे वे हरियाणा रोडवेज की बसों में प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक की मुफ्त यात्रा कर सकते हैं। हर घर हर गृहणी योजना से 50 लाख से अधिक परिवारों को 500 में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराई, हरियाणा को 24 फसलें एमएसपी पर खरीदने वाला देश का पहला राज्य बनाया। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने 100 गज के प्लॉट देने की बात की थी, लेकिन उन्होंने न किसी को कब्जा दिया, न ही कागज दिया था। ऐसे सभी लोगों को भाजपा की सरकार ने कब्जा और कागज दोनों दिए।

**कांग्रेस ने किया सैलजा और दलित समाज का अपमान : मनीष ग्रोवर**

आशीर्वाद रैली में रोहतक से भाजपा प्रत्याशी मनीष ग्रोवर ने कहा कि भाजपा सरकार 10 साल रही और इस दौरान किसी की हिम्मत नहीं हुई कि किसी दलित पर कोई अत्याचार कर दे। कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने संविधान स्थल का नाम चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा संविधान स्थल रखा है मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या वे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर से भी बड़े हो गए हैं? उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी स्थलों के नाम उन्होंने संत-महात्माओं या महापुरुषों के नाम पर रखने के बजाय अपने परिवार के ऊपर ही रख दिए। यह दलित समाज और पिछड़े समाज के वोट लेते हैं, और आगे सिर्फ अपने परिवार को ही बढ़ाते हैं। कुमारी सैलजा के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कुमारी सैलजा से भले राजनीतिक मतभेद हो, लेकिन जिस प्रकार भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थक उनके विषय में अपशब्द कह रहे हैं, जाति सूचक नाम से बुला रहे हैं, उसके कारण आज कुमारी शैलजा हताश बैठी हैं। कांग्रेस के इसी कर्म की वजह से दलित समाज आज भारतीय जनता पार्टी का समर्थन कर रहा है।

## भाजपा के पक्ष में हर मतदाता में उत्साह और भाजपा गरीब और किसान हितैषी पार्टी : सांसद धर्मबीर सिंह

**सिवानी सोनिका सूरा**

सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह तथा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने सिवानी के भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओ की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व मंत्री और लोहारू से भाजपा प्रत्याशी जेपी दलाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने हर क्षेत्र का बिना भेदभाव सर्वांगीण विकास करवाया है। हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किया है। पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने भी इस क्षेत्र में रिकार्ड विकास कार्य करवाए गए हैं। लोहारू हल्का हरियाणा के अंतिम छोर पर पड़ता है फिर भी लोहारू की सभी नेहरो में टेल तक पूरा पानी पहुंचा है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता खुद उम्मीदवार समझकर चुनाव में मेहनत करें और भारी बहुत से कमल को विजय बनाएं ताकि क्षेत्र में और अधिक विकास करवाया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता घर घर जाकर भाजपा सरकार की जनहितकारी योजनाओं व नीतियों का प्रचार करें। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप को उम्मीदवार समझकर कड़ी मेहनत करे। घर घर जाकर कार्यकर्ता भाजपा सरकार की योजनाओं व नीतियों का प्रचार करें। उन्होंने कहा कि जितनी मेहनत की जाएगी उतनी ही बड़ी जीत होगी और वह जीत जेपी दलाल की न होकर लोहारू की जनता की होगी। प्रदेश में एक बार फिर से पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी और लोहारू हल्के में और अधिक तेज गति से विकास कार्य करवाए जाएंगे।

**पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने रिकॉर्ड तोड़ कार्य किए हैं, प्रत्येक कार्यकर्ता खुद उम्मीदवार बनकर करे मेहनत, भारी बहुमत से कमल को बनाएं विजय : बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला**

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि अब समय आ गया है कि पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को से मिले और भाजपा सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए किए गए कामों और योजनाओं के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेसी नेता लोगों को बहकाने और बरगलाने का काम कर रहे हैं। लेकिन प्रदेश की जनता समझदार और जागरूक है। इनके बहकावे में नहीं आएगी। जेपी दलाल ने कहा कि पिछले 5 साल में खूब पानी मिला, मुआवजा मिला, फसलों का अच्छा भाव मिला, बिना भेदभाव की नौकरियां मिली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का किसान समर्थ हो रहा है, हरियाणा के आम आदमी की दिन प्रतिदिन आमदनी बढ़ रही है। इस अवसर पर अनेक भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हरियाणा में आईएनएलडी प्रत्याशी आदित्य चौटाला की अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**सिरसा ।** हरियाणा के डबवाली विधानसभा क्षेत्र से इनेलो कैंडिडेट और पूर्व उप-प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल के पोते आदित्य देवीलाल चौटाला की देर रात अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई, जिसके चलते उन्हें रात में ही संगरिया के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत को देखते हुए उन्हें हनुमानगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आदित्य चौटाला की हालत स्थिर बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि आदित्य चौटाला की हार्ट बीट और ईसीजी में भी दिक्कत है। इसके अलावा डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें पथरी की भी समस्या है। इसके चलते पेशाब में रुकावट आ रही है। आदित्य चौटाला जल्द ही ठीक हो जाएंगे लेकिन उन्हें कुछ दिन आराम करना होगा। आदित्य हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तैयारियों और चुनाव प्रचार में व्यस्त थे। इसके चलते जीवन शैली में आए बदलाव के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई।

**बीजेपी छोड़ इनेलो में ली थी एंट्री**

आदित्य चौटाला ने हाल ही में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर इनेलो में एंट्री ली थी। इनेलो ने आदित्य को डबवाली से उम्मीदवार बनाया। खुद ओमप्रकाश चौटाला आदित्य चौटाला के नामांकन पर साथ आए थे और जीत का आशीर्वाद दिया था। आदित्य की डबवाली में अपने ही भतीजे जजपा के दिग्विजय चौटाला और अमित सिहाग से मुकाबला है। अमित सिहाग डॉ केवी सिंह के बेटे हैं।

**2019 में हार गए थे आदित्य चौटाला**

आदित्य चौटाला 2014 में भाजपा में शामिल हुए थे। साल 2019 में उन्हें हरियाणा स्टेट कोआपरेटिव एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट बैंक लिमिटेड का चेयरमैन बनाया था। आदित्य ने 2019 विधानसभा चुनाव में डबवाली से ही भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था और वह कांग्रेस के अमित सिहाग से चुनाव हार गए थे।

## हरियाणा के रण में उतरेंगे सीएम योगी, आज करेंगे चुनाव प्रचार; बीजेपी प्रत्याशियों के पक्ष में बनाएंगे माहौल

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। हरियाणा में विधानसभा चुनावों के प्रचार अभियान के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एंट्री होने वाली है। सीएम योगी हरियाणा में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाएंगे। आज सीएम योगी हरियाणा में तीन जगह जनसभाओं को संबोधित करेंगे। बता दें कि सीएम योगी सबसे पहले नरवाना विधानसभा क्षेत्र की मेला मंडी में 11 बजे जनसभा करेंगे। इसके बाद एक बजे सोनीपत के राई विधानसभा क्षेत्र में अटेरना के पास और दोपहर तीन बजे करनाल के असंध विधानसभा क्षेत्र की नई अनाजमंडी में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं सोमवार को 12 बजे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी फतेहाबाद के टोहाना विधानसभा में और फिर डेढ़ बजे जगाधरी अनाज मंडी में जनसभा में पहुंचेंगे। इधर कांग्रेस के स्टार प्रचारक का भी शेड्यूल जारी हो गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी 23 को अंबाला शहर के पुलिस मैदान में रैली करेंगे।



# महिलाओं का अपमान करने वाले कांग्रेसियों को वोट की चोट से जवाब दें : नैना चौटाला

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं विधायक नैना सिंह चौटाला ने कहा है कि आज कांग्रेस नेताओं का राजनीतिक स्तर इतना गिर चुका है कि वे शर्मनाक बयानबाजियां करके महिलाओं का अपमान कर रहे है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को लेकर कांग्रेस सांसद जयप्रकाश का बयान लिपस्टिक पाउडर, कांग्रेस नेता बीरेंद्र सिंह द्वारा महिलाओं को बांझ बोलना और कांग्रेसियों द्वारा सांसद कुमारी शैलजा के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करना बेहद शर्मनाक है। नैना चौटाला ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं को कभी सम्मान नहीं दे सकती और महिलाएं अपने अपमान का बदला पांच अक्टूबर को वोट की चोट लेगी। वे रविवार को उचाना के गांव डूमरखां कलां में आयोजित हरी चुनरी चौपाल कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित कर रही थी। नैना चौटाला ने जेजेपी-एएसपी उम्मीदवार दुष्यंत चौटाला के लिए वोट की अपील की।

हरी चुनरी चौपाल में भारी संख्या में पहुंची महिलाओं को संबोधित करते हुए नैना सिंह चौटाला ने कहा कि अगर कांग्रेस सांसद जेपी को लिपस्टिक पाउडर का इतना ही शौक है तो उचाना की महिलाएं उन्हें गिफ्ट कर देगी। उन्होंने कहा कि बीरेंद्र सिंह कभी महिलाओं के बांझ होने का दर्द नहीं समझ सकते। नैना चौटाला ने कहा कि स्वर्गीय कांशीराम जी ने दलित समाज को सम्मान दिलाने का काम किया लेकिन कांग्रेसी उसी समाज की अपनी वरिष्ठ महिला नेता पर अभद्र भाषा का प्रयोग करके अपमान करने में लगे हुए है।

उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को समझना होगा कि कौन उनका अपमान कर रहे है और कौन उन्हें सम्मान दे रहा है। नैना चौटाला ने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने का काम जेजेपी कर रही है और जेजेपी ने सदा महिलाओं को उनके हक दिलाएं है। उन्होंने कहा कि आज जेजेपी की वजह से ही महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण, राशन डिपो में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली है। इतना ही जेजेपी-एएसपी की सरकार बनने पर महिलाओं को सभी शिक्षण संस्थानों की टीचिंग जॉब्स में 50 प्रतिशत आरक्षण भी दिया जाएगा, इसलिए महिलाएं जेजेपी-एएसपी का साथ दे। नैना चौटाला ने यह भी कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला हमेशा उचाना के लिए काम करते रहेंगे।

वरिष्ठ जेजेपी नेता डॉ केसी बांगड़ ने कहा कि देश में करीब 800 पार्टियां है, इनमें से केवल एक जननायक जनता पार्टी ही है, जिसकी संस्थापक एक महिला (नैना चौटाला) हैं। बांगड़ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह की पोल खोलते हुए कहा कि उचाना में एक परिवार ने 50 साल तक सिर्फ अपना घर भरने के लिए राजनीति की है। केसी बांगड़ ने कहा कि दीनबंधु सर छोटूराम के नाम पर वोट लेने वाले बीरेंद्र सिंह ने कभी छोटूराम के नाम पर क्षेत्र में एक ईंट तक नहीं लगवाई है। वहीं वरिष्ठ जेजेपी नेता राजेंद्र लितानी ने कहा कि उचाना के आशीर्वाद से राज में भागीदार मिलने पर दुष्यंत चौटाला ने बड़े-बड़े ऐतिहासिक विकास कार्य करके दिखाए। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने उचाना और हरियाणा दोनों में विकास कार्य किए है।



लितानी ने उचाना के लोगों से जेजेपी-एएसपी उम्मीदवार दुष्यंत चौटाला के लिए वोट की अपील करते हुए कहा कि ÷उचाना जीताओ, हरियाणा जीताओ और अपना मुख्यमंत्री बनाओ। जेजेपी मलिहा प्रदेश अध्यक्ष शीला भ्याण ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा का पिछले 20 सालों से राज था लेकिन जो काम महिलाओं के लिए दुष्यंत चौटाला ने करके दिखाए है, वह कांग्रेस और बीजेपी कभी सोच तक नहीं सकती इसलिए महिलाओं को बढ़ चढ़कर दुष्यंत चौटाला का साथ देना चाहिए।

# बिजनेस समाचार



## बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन के भाव कमजोरी के साथ बंद

### - सरसों दाने का थोक भाव 75 रुपये बढ़कर 6,675-6,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में ऊंचे भाव पर कम कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन तथा डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर मांग से सोयाबीन तिलहन के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं बाजार में विशेषकर नरम तेलों (सॉफ्ट आयल) की कम आपूर्ति की स्थिति के बीच सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के भाव सुधार के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि ऊंचे दाम पर कम कारोबार तथा नई फसल की आवक के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज हुई। जबकि डीओसी की कमजोर मांग से सोयाबीन तिलहन के दाम भी सप्ताहांत में गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 75 रुपये बढ़कर 6,675-6,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 250 रुपये बढ़कर 14,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये की मजबूती के साथ क्रमशः 2,175-2,275 रुपये और 2,175-2,290 रुपये टिन पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 70-70 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,830-4,880 रुपये प्रति क्विंटल और 4,605-4,740 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसके विपरीत सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमश- 1,000 रुपये, 700 रुपये और 650 रुपये बढ़कर क्रमश- 12,850 रुपये, 12,450 रुपये और 9,250 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले गिरावट का रुख रहा। मूंगफली तिलहन 125 रुपये की गिरावट के साथ 6,350-6,625 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 275 रुपये की गिरावट के साथ 15,100 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 40 रुपये की गिरावट के साथ 2,270-2,570 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। वहीं कम आपूर्ति की स्थिति के कारण कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 450 रुपये की तेजी के साथ 11,550 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 1,000 रुपये के सुधार के साथ 13,150 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 1,050 रुपये के सुधार के साथ 12,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। कम स्टॉक के बीच मांग निकलने से समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल 650 रुपये के सुधार के साथ 12,050 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## जुलाई में देश का कोयला आयात बढ़कर 2.52 करोड़ टन हुआ



**नई दिल्ली।**

इसी साल जुलाई में देश का कोयला आयात 40.56 प्रतिशत बढ़कर 2.52 करोड़ टन रहा है। पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में कोयला आयात 1.79 करोड़ टन रहा था। बी2बी ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। चालू वित्त वर्ष के पहले अप्रैल-जुलाई में कोयला आयात बढ़कर 10.04 करोड़ टन पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 8.91 करोड़ टन था।

एमजंक्शन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अगले महीने त्योहारी सीजन से पहले आने वाले हफ्तों में आयात मांग में तेजी आने की संभावना है। समुद्री मार्ग से ढुलाई दरों में नरमी के बीच गैर-कोकिंग कोयले के आयात में तेजी देखने को मिल रही है। हालांकि, इस्पात मिलों की कमजोर मांग के कारण कोकिंग कोयले की मात्रा में कमी आई है। जुलाई में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयले का हिस्सा 1.65 करोड़ टन रहा, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 1.01 करोड़ टन था। कोकिंग कोयले का आयात 48.1 लाख टन रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष जुलाई में यह 50.3 लाख टन था। अप्रैल-जुलाई की अवधि के दौरान गैर-कोकिंग कोयले का आयात एक साल पहले के 5.66 करोड़ टन की तुलना में बढ़कर 6.56 करोड़ टन पर पहुंच गया। वहीं कोकिंग कोयले के आयात में 2.02 करोड़ टन के मुकाबले मामूली बढ़त देखने को मिली। कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने पूर्व में कहा था कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और कोयले का आयात कम करना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 26.82 करोड़ टन रहा था। जुलाई में भारत का कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 6.36 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ टन हो गया। अप्रैल-जुलाई में भारत का कुल कोयला उत्पादन 32.13 करोड़ टन से अधिक रहा, जो एक साल पहले की इसी अवधि से 9.6 प्रतिशत अधिक है।

## सेंसेक्स की शीर्ष छह कंपनियों का मार्केट कैप 1.97 लाख करोड़ बढ़ा



**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,97,734.77 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 63,359.79 करोड़ रुपये बढ़कर 9,44,226.88 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 58,569.52 करोड़ रुपये बढ़कर 13,28,605.29 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 44,319.91 करोड़ रुपये बढ़कर 9,74,810.11 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 19,384.07 करोड़ रुपये बढ़कर 20,11,544.68 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 10,725.88 करोड़ रुपये बढ़कर 7,00,084.21 करोड़ रुपये और आईटीसी का 1,375.6 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,43,907.42 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के विपरीत टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 85,730.59 करोड़ रुपये घटकर 15,50,459.04 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का मूल्यांकन 15,861.16 करोड़ रुपये घटकर 7,91,438.39 करोड़ रुपये, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 14,832.12 करोड़ रुपये घटकर 6,39,172.64 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 7,719.79 करोड़ रुपये घटकर 6,97,815.41 करोड़ रुपये पर आ गया।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी और एलआईसी का स्थान रहा।

## सरकारी कर्मचारियों को अब दो साल और मिलेगा एलटीसी का लाभ

**अब 25 सितंबर 2026 तक कर सकेंगे जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोवार और पूर्वोत्तर क्षेत्र की हवाई यात्रा**

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने लीव ट्रैवल कंसेशन (एलटीसी) के तहत जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्रा की अनुमति देने वाली योजना को दो साल तक बढ़ा दिया है। अब सरकारी कर्मचारी जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पूर्वोत्तर क्षेत्र की हवाई यात्रा 25 सितंबर 2026 तक कर सकेंगे। पहले यह योजना 25 सितंबर 2024 को समाप्त हो रही थी। पात्र केंद्र सरकार के कर्मचारियों को एलटीसी का लाभ उठाने पर पेड लीव के अलावा आने-जाने की यात्रा के टिकटों की प्रतिपूर्ति भी मिलती है। कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश में कहा गया है कि सभी पात्र कर्मचारी चार साल की ब्लॉक अवधि में अपने एक होम टाउन एलटीसी में बदलाव के बदले जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पूर्वोत्तर क्षेत्र में किसी भी स्थान पर जाने के लिए एलटीसी के हकदार हैं, जो एम्प्लॉई एयर ट्रैवल के हकदार नहीं हैं, उन्हें भी इन क्षेत्रों के लिए किसी भी एयरलाइन की इकोनॉमी क्लास में यात्रा की अनुमति दी गई है। आदेश के मुताबिक सरकारी कर्मचारी जो हवाई यात्रा के लिए इलिजिबल हैं, वे अपने हेडक्वार्टर से हकदार श्रेणी में फ्लाइट बुक कर सकते हैं। गैर-हकदार कर्मचारी कुछ खास रूट्स पर इकोनॉमी क्लास में हवाई यात्रा कर सकेंगे। इन रुट्स में कोलकाता, गुवाहाटी और पूर्वोतर क्षेत्र में किसी भी स्थान के बीच कोलकाता, चेन्नई, विशाखापत्तनम और पोर्ट ब्लेयर के बीच तथा दिल्ली, अमृतसर और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के किसी भी स्थान के बीच के रूट शामिल हैं।



## लेनदेन शुल्क लगा तो 75 प्रतिशत उपयोगकर्ता यूपीआई बंद कर देंगे: सर्वे

### - सर्वे में 308 जिलों से 42,000 प्रतिक्रियाएं मिली

**नई दिल्ली ।**

यूपीआई सेवा पर यदि लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो 75 प्रतिशत उपयोगकर्ता इसका उपयोग करना बंद कर देंगे। हाल ही में जारी किए गए एक सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष निकाला गया है। सर्वेक्षण के अनुसार 38 प्रतिशत उपयोगकर्ता अपना 50 प्रतिशत भुगतान लेनदेन डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या किसी अन्य प्रकार के डिजिटल माध्यम के बजाय यूपीआई के जरिये करते हैं। सर्वे कहता है कि सिर्फ 22 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान पर लेनदेन शुल्क का बोझ उठाने को तैयार हैं। वहीं 75 प्रतिशत लोगों ने कहा कि अगर लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो वे यूपीआई का उपयोग करना बंद कर देंगे। यह सर्वे तीन व्यापक क्षेत्रों पर किया गया है। इसमें 308 जिलों से 42,000 प्रतिक्रियाएं मिली हैं। हालांकि प्रत्येक प्रत्येक प्रश्न पर उत्तरों की संख्या अलग-अलग थी। यूपीआई पर लेनदेन शुल्क से संबंधित प्रश्न को लेकर 15,598 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 2023-24 में इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लेन-देन की मात्रा में रिकॉर्ड 57 प्रतिशत और मूल्य में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। पहली बार किसी वित्त वर्ष में यूपीआई लेन-देन 100 अरब को पार कर गया है। यह 2023-24 में 131 अरब रहा, जबकि 2022-23 में यह 84 अरब था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मूल्य के लिहाज से यह 1,39,100 अरब रुपये से बढ़कर 1,99,890 अरब रुपये पर पहुंच गया है। सर्वे के अनुसार 37 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने मूल्य के लिहाज से अपने कुल भुगतान के 50 प्रतिशत से अधिक के लिए यूपीआई लेन-देन खातों को साझा किया। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपीआई तेजी से 10 में से चार उपभोक्ताओं के भुगतान का अभिन्न अंग बन रहा है। इसलिए किसी भी तरह का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लेनदेन शुल्क लगाए जाने का कड़ा विरोध हो रहा है। लोकल सर्किल्स इस सर्वेक्षण के निष्कर्षों को वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ आगे बढ़ाएगा, ताकि किसी भी एमडीआर शुल्क की अनुमति देने से पहले यूपीआई उपयोगकर्ता की नब्ज को ध्यान में रखा जा सके। यह सर्वे 15 जुलाई से 20 सितंबर के बीच ऑनलाइन आयोजित किया गया था।

## रिलायंस फाउंडेशन महिलाओं की डिजिटल भागीदारी बढ़ाने वित्तीय सहायता करेगा

**मुंबई ।** रिलायंस फाउंडेशन ने यह घोषणा की है कि वह अमेरिका के यूएसएआईडी और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) के साथ मिलकर वीमेन इन द डिजिटल इकॉनामी फंड (डब्लूआईडीईएफ) के तहत 10 मिलियन यूएस डॉलर की वित्तीय सहायता देगा। इस पहल का उद्देश्य भारत में महिलाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था में सशक्त बनाना और जेंडर डिजिटल डिवाइड को कम करना है। रिलायंस फाउंडेशन की निदेशक ईशा अंबानी ने कहा कि डब्लूआईडीईएफ वैश्विक सहयोग का एक ऐतिहासिक कदम है और हम इस पहल का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहे हैं। हम महिलाओं की आजीविका, आर्थिक सुरक्षा और तकनीक के माध्यम से सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यूएसएआईडी-इंडिया की एक्टिंग मिशन डायरेक्टर डॉ. अलेक्जेंड्रिया ह्यूर्टा ने इस साझेदारी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका की यह साझेदारी लैंगिक डिजिटल अंतर को समाप्त करने में एक अहम कदम है। हम रिलायंस फाउंडेशन के साथ मिलकर लाखों महिलाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ पहुंचाने और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में काम कर रहे हैं।




## एफपीआई ने सितंबर में अब तक शेयर बाजार में किया 33,700 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों में लगभग 33,700 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसकी मुख्य वजह अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती और भारतीय बाजार की मजबूती है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि यह इस साल अब तक एक महीने में भारतीय शेयरों में एफपीआई के निवेश का दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले मार्च में एफपीआई ने शेयर बाजार में 35,100 करोड़ रुपये का निवेश किया था। बाजार के जानकारों ने कहा कि आने वाले दिनों में एफपीआई की खरीदारी का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने 20 सितंबर तक शेयरों में 33,691 करोड़ रुपये का निवेश किया। इसके साथ ही इस साल अब तक शेयरों में उनका निवेश 76,572 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे हैं। इससे पहले अप्रैल-मई में उन्होंने शेयरों से 34,252 करोड़ रुपये की राशि निकाली थी। सितंबर में अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद के बीच एफपीआई लिवाल रहे हैं। 18 सितंबर को फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई ने और आक्रामक तरीके से लिवाली की है।

## वोडाफोन आइडिया ने नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग के साथ किया सौदा

**नई दिल्ली ।** कर्ज संकट का सामना कर रही दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने 4जी और 5जी नेटवर्क उपकरणों की आपूर्ति के लिए नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग को 30,000 करोड़ रुपये का अनुबंध दिया है। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह अनुबंध तीन साल के लिए है। कंपनी ने इससे पहले तीन साल में 6.6 अरब डॉलर या 55,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की घोषणा की थी। यह सौदा इस दिशा में पहला कदम है। कंपनी ने कहा कि वोडाफोन आइडिया ने नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग के साथ तीन साल की अवधि में नेटवर्क उपकरणों की आपूर्ति के लिए करीब 3.6 अरब डॉलर (करीब 30,000 करोड़ रुपये) का एक बड़ा सौदा किया है। बयान में कहा गया है कि इस पूंजीगत व्यय कार्यक्रम का लक्ष्य 4जी आबादी के दायरे को 1.03 अरब से बढ़ाकर 1.2 अरब करना, प्रमुख बाजारों में 5जी सेवा शुरू करना और डेटा की वृद्धि के अनुरूप क्षमता का विस्तार करना है। इन नए दीर्घकालिक ठेकों के तहत आपूर्ति आगामी तिमाही में शुरू होगी। बयान में कहा गया है कि 1.2 अरब भारतीयों तक 4जी सेवा (कवरेज) का विस्तार कंपनी की शीर्ष प्राथमिकता है।

## वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियां तय करेगी शेयर बाजार की दिशा: विश्लेषक

### रुपये की चाल और ब्रेंट क्रूड की कीमतों में उतार-चढ़ाव से भी बाजार की दिशा प्रभावित होगी

**नई दिल्ली ।**

इस सप्ताह घरेलू मोर्चे पर किसी प्रमुख घटनाक्रम के अभाव में घरेलू शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से इस सप्ताह बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद पिछले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली। बाजार के जानकारों ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती का उभरते बाजारों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और भारत वैश्विक निवेशकों के बीच पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने आक्रामक लिवाली की। अकेले शुक्रवार को ही एफआईआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 14,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह बाजार को दिशा देने वाला कोई बड़ा संकेतक नहीं है। हालांकि, अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़े बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। एफआईआई प्रवाह भारतीय शेयर बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण कारक बना रहेगा, साथ ही घरेलू संस्थागत प्रवाह पर भी सभी की निगाह रहेगी। हालांकि, बाजार फिलहाल भू-राजनीतिक जोखिमों से प्रभावित नहीं दिख रहा है, लेकिन यह आगे बाजार के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकता है। डेरिवेटिव निपटान की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। बाजार के एक अन्य विश्लेषक कहते हैं कि बाजार धीरे-धीरे ऊपर चढ़ रहा है। हमें उम्मीद है कि मजबूत एफआईआई प्रवाह, स्वस्थ घरेलू वृहद कारक और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी के बारे में घटती चिंता के कारण इस सप्ताह भी इसकी सकारात्मक रफ्तार जारी रहेगी। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमतों में उतार-चढ़ाव से भी बाजार की दिशा प्रभावित होगी। उन्होंने कहा हालांकि फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की प्रमुख घटना पीछे रह गई है, लेकिन आगे भी बाजार की दिशा के लिए सभी का ध्यान अमेरिका पर रहेगा। इसके अलावा विदेशी कोषों के प्रवाह और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी।




## स्पाइसजेट ने क्यूआईपी को शेयर बेचकर जुटाए 3000 करोड़




**- नया फंड एयरलाइन को बकाया चुकाने में मदद करेगा**

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईपी) को शेयर बेचकर 3,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे कर्ज संकट से जूझ रही एयरलाइन को मदद मिली है। सोसाइटी जनरल- ओडीआई, गोल्डमैन सैक्स (सिंगापुर) पीटीई-ओडीआई, नोमुरा सिंगापुर लिमिटेड ओडीआई और डिस्कवरी ग्लोबल ऑपर्चुनिटी (मॉरीशस) लिमिटेड विदेशी संस्थाएं उन निवेशकों में शामिल हैं। इन्हें एयरलाइन के योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के तहत शेयर आवंटित किए गए हैं। एक नियामक फाइलिंग के अनुसार एयरलाइन की फंड जुटाने वाली समिति ने 20 सितंबर को 80 से अधिक क्यूआईपी प्रतिभागियों को 61.60 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 48.70 करोड़ से अधिक शेयर आवंटित करने को मंजूरी दी। कुल मिलाकर 3,000 करोड़ रुपये की सिक्योरिटीज जारी की गई हैं। शनिवार को बीएसई को दी गई फाइलिंग में कहा गया है कि इश्यू में इक्विटी शेयरों के आवंटन के बाद कंपनी की पेडअप इक्विटी शेयर कैपिटल 7,94,67,27,170 रुपये से बढ़कर 12,81,68,57,030 रुपये हो गई है, जिसमें 1,28,16,85,703 इक्विटी शेयर शामिल हैं। 19 वर्षों से उड़ान भर रही स्पाइसजेट कई चुनौतियों का सामना कर रही है और नया फंड जुटाने से एयरलाइन को विभिन्न बकाया चुकाने में मदद मिलेगी। इस पैसे का उपयोग विमान और इंजन लीज पर देने वालों, इंजीनियरिंग वेंडर्स और फाइनेंसर्स सहित लेनदारों की देनदारियों के निपटान के लिए किया जाएगा। पांच आवंटियों को क्यूआईपी में पेश किए गए शेयरों में से प्रत्येक को पांच प्रतिशत से अधिक प्राप्त हुआ है। इससे पहले, सूत्रों ने कहा था कि स्पाइसजेट के प्रमोटर अजय सिंह एयरलाइन में 10 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी बेच सकते हैं। इश्यू के बाद शेयरहोल्डिंग पैटर्न में आए बदलाव के बारे में बीएसई को कुछ समय बताया जाएगा। इस फंडिंग से स्पाइसजेट को निकट भविष्य में मदद मिलेगी।




चीन में एक पूरी तरह से ऑटोमैटिक हायड्रोजन वाली ट्रेन विश्व भर के निर्माताओं की एक प्रदर्शनी में पेश की गयी।

## अडानी पोर्ट्स का मार्केट कैप बढ़कर 3.10 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली ।** ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के शेयरों पर बुलिश दिखाई दे रही है। शुक्रवार को ये शेयर 2.16 फीसदी की तेजी के साथ 1438 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। शेयरों में आई तेजी की वजह से कंपनी का मार्केट कैप अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। अडानी पोर्ट्स एंड इकोनॉमिक जोन का मार्केट कैप बढ़कर 3.10 लाख करोड़ रुपये हो गया। आपको बता दें कि ये स्टॉक अभी भी अपने 52 वीक के हाई से करीब 200 रुपये पीछे है। शेयर का 52 हफ्तों का हाई 1607 रुपये है। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने कंपनी के शेयरों पर भरोसा जताया है। ब्रोकरेज ने इसे बाय रेटिंग दी है। मोतीलाल ओसवाल ने इसे 1850 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है जो इसके 52 हफ्तों के हाई से कहीं ज्यादा है और अभी की कीमत से करीब 29 फीसदी अधिक है। यानी अभी के स्तर पर अगर निवेश किया जाए और मोतीलाल ओसवाल की भविष्यवाणी अगर सही हो तो हर स्टॉक पर आपको 400 रुपये से ज्यादा का फायदा हो सकता है। अडानी पोर्ट्स के शेयरों ने पिछले 6 महीने में 14 फीसदी से अधिक का रिटर्न दिया है। वहीं इस साल अभी तक यह शेयर 38 फीसदी से अधिक ऊपर गया है। बीते एक साल में इस शेयर ने 74 फीसदी का रिटर्न दिया है।

# भारत / बांग्लादेश पहला टेस्ट: भारत ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश को 280 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने यहां के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेल गये पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 280 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम की जीत में आर अश्विन की अहम भूमिका रही। अश्विन ने जहां पहली पारी में शतक लगाया। वहीं दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर बांग्लादेशी टीम को समेट दिया। भारतीय टीम ने इस मैच में बांग्लादेश को जीत के लिए 515 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए बांग्लादेश की पूरी टीम खेल के चौथे दिन ही पहले सत्र में 234 रनों पर ही आउट हो गयी।

इस मैच में अश्विन के शतक से ही भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए। वहीं बांग्लादेशी टीम इसके जवाब में 149 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार भारतीय टीम को पहली पारी के आधार पर 227 रनों की विशाल बढ़त मिली। भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 287 रन बनाकर घोषित कर दी। ऐसे में बांग्लादेश की टीम जीत के लिए 515 रनों का मुश्किल लक्ष्य मिला जो वह हासिल नहीं कर पायी।

515 रनों के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन और शादमान इस्लाम ने आक्रामक शुरुआत की। दोनों ने ही भारतीय टीम के तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की गेंदों पर अच्छे शॉट लगाये। टीम ने टी-ब्रेक तक ही बिना विकेट खो 50 से अधिक रन बना लिये पर पर जाकिर हसन 35 और शादमान के 33 रनों पर आउट होने के बाद टीम की बल्लेबाजील बिखर गयी। शादमान के बाद मोमिनुल हक और मुशफिकुर रहीम भी एक के बाद एक आउट हो गये। इसके बाद ये सिलसिल पारी रहा। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 158 रन से आगे से करते हुए पहले सत्र के अंदर 76 रन जोड़ कर बाकी बचे छह विकेट गंवा दिये। भारतीय टीम की ओर से अश्विन ने छह जबकि रविंद्र जडेजा ने तीन विकेट लिए

वहीं इससे पहले दूसरी पारी में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यशस्वी जायसवाल और रोहित टीम शुरुआत में ही आउट हो गये। जायसवाल 10 जबकि रोहित 5 रन बनाकर आऊट हो गए। विराट भी 17 रन ही बना पाये। इसके बाद शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने शतकीय पारियां खेलकर भारतीय टीम को संभाला। ऋषभ ने जहां 128 गेंदों पर 13 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 109 रन बनाए जबकि शुभमन ने 176 गेंदों पर 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 119 रन बनाए। वहीं केएल रहुल ने 22 रन बनाये।



## संग्राम सिंह एमएमए मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बने




**जॉर्जिया (एजेंसी)।** भारतीय पहलवान संग्राम सिंह ने गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में अपना पहला मुकाबला जीतकर एमएमए की दुनिया में अपनी पहचान बनाई। कॉमनवेल्थ हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम ने मात्र एक मिनट और तीस सेकंड में पाकिस्तानी फाइटर अली रजा नासिर को हराया, जो उनसे सत्रह साल छोटे हैं। इस तरह वे मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बन गए।

ग्यारह प्रतिस्पर्धी देशों में संग्राम की यह उपलब्धि 93 किलोग्राम वर्ग में किसी भारतीय फाइटर द्वारा दर्ज की गई सबसे तेज जीत है। संग्राम ने अपनी कुश्ती कौशल और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करके स्पष्ट जीत हासिल की। पारंपरिक कुश्ती में उनकी पृष्ठभूमि है और वे प्रशिक्षण के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे भारत के लिए यह जीत घर लाने पर बेहद गर्व है। यह जीत भारत में एमएमए के बेहतर भविष्य की दिशा में एक कदम है। यह व्यक्तिगत उपलब्धि से बढ़कर है। मुझे उम्मीद है कि वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलने से भारतीय सरकार को मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) का समर्थन करने वाले कार्यक्रमों को लागू करने और युवाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करने की प्रेरणा मिलेगी।'

सिंह ने मुकाबला जीतने के बाद कहा, 'मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इससे युवा एथलीटों को अपनी आंतरिक शक्ति खोजने, महानता के लिए प्रयास करने और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की दुनिया में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।% संग्राम ने अपने कोचों को उनके महत्वपूर्ण समर्थन के लिए भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा, 'मैं अपने भारतीय कोच भूपेश कुमार को उनके अटूट मार्गदर्शन के लिए पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकता। वे हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं। मैं अपने अंतरराष्ट्रीय कोच डेविड सर का भी बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में आने के दौरान मेरा पूरा साथ दिया और मेरी रणनीति को बेहतर बनाने में मेरी मदद की। मैं इस मुकाबले के लिए उनसे बेहतर तरीके से तैयार नहीं हो सकता था।'

## महिला टी20 विश्व कप: यूएई की पिच घरेलू मैदान जैसी, हमें मिलेगा फायदा: मिताली




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट की पूर्व कप्तान मिताली राज का मानना है कि 3 अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भारत को अन्य टीमों के मुकाबले ज्यादा फायदा होगा क्योंकि यूएई की पिच घरेलू मैदान जैसी ही हैं। आईसीसी ने बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के कारण इसे यूएई के दुबई और शारजाह में कराने का फैसला लिया है।

मिताली ने कहा कि यूएई की परिस्थितियां भी काफी अनुकूल हैं इसलिए हम कह सकते हैं कि हमारी टीम को फायदा मिलेगा लेकिन पूर्व बल्लेबाज ने आत्ममुग्धता से बचने की हिदायत दी क्योंकि हर टीम टूर्नामेंट के लिए पूरी तैयारी कर रही है और मजबूत इरादों के साथ मैदान में उतरेगी। आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय महिला टीम को अभी अपना पहला वैश्विक खिताब जीतना बाकी है। मिताली ने कहा कि भारतीय महिला टीम ने अभी तक अंडर-19 विश्व कप के अलावा कोई आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं चाहूंगी कि टीम अच्छा खेले क्योंकि जब हम विश्व कप में जाते हैं तो हर किसी की तरह हम भी अपनी टीम को जीतते हुए देखना चाहते हैं। भारतीय महिला टीम अपने अभियान का आगाज 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। भारत को ग्रुप-ए में आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा है।

# 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि परिस्थितियां कैसी हैं', बांग्लादेश से पहला टेस्ट जीतकर बोले रोहित शर्मा

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 280 रन से जीत दर्ज करने के बाद रविवार को यहां कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वह 'मजबूत गेंदबाजी विकल्पों' के आस पास अपनी टीम को तैयार करने पर ध्यान दे रहे हैं। भारत ने अनुभवी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल के साथ शुभमन गिल और ऋषभ पंत की शतकीय पारियों के दम पर पांच सत्र रहते बड़ी जीत दर्ज की।

रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, 'हम अपनी टीम को मजबूत गेंदबाजी विकल्पों के इर्द-गिर्द बनाना चाहते हैं, हमें किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।' उन्होंने कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि परिस्थितियां कैसी हैं, चाहे हम भारत में खेलें, चाहे हम बाहर खेलें, हम उसी के अनुरूप टीम बनाना चाहते हैं।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में हम जहां भी खेले हैं, हम अपने विकल्पों का अच्छे से इस्तेमाल करने में कामयाब रहे हैं। हम तेज गेंदबाजी या स्पिन दोनों विकल्पों को इस्तेमाल करने में सफल रहे हैं।'

### हमने अच्छी तैयारी की




बांग्लादेश की टीम जीत के लिए 515 रन के असंभव जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए 234 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में बल्ले से 113 रन का योगदान देने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 88 रन पर छह विकेट झटके। रोहित ने कहा, 'आने वाले मैचों को देखते हुए हमारे हमारे लिए यह एक शानदार परिणाम है। हम लंबे समय बाद खेल (टेस्ट मैच) रहे हैं। हम यहां एक सप्ताह पहले आए थे और हमने अच्छी तैयारी की। हमें वह परिणाम मिला जो हम चाहते थे।'

### सबसे ज्यादा खुशी पंत की वापसी से

भारतीय कप्तान को सबसे ज्यादा खुशी पंत की इस प्रारूप में यादगार वापसी से है। उन्होंने कहा, 'वह सचमुच बहुत कठिन समय से गुजरा है। जिस तरह उसने मुश्किल समय का सामना किया और खुद को संभाला वह देखना शानदार था। उन्होंने आईपीएल में वापसी की। उसके बाद टी20 विश्व कप में बेहद सफल रहे लेकिन उसे टेस्ट प्रारूप को सबसे ज्यादा पसंद है।'

## इंग्लैंड के स्पिनर आदिल ने बनाया रिकार्ड



लीड्स । स्पिनर आदिल राशिद एकदिवसीय क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले स्पिनर बन गये हैं। आदिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीड्स में दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान 42 रन देकर 2 विकेट लिए। इस प्रकार आदिल ने अपने 137 एकदिवसीय मैच में 32.22 की औसत से 201 विकेट लिए हैं। उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन 27 रन देकर 5 विकेट लेना रहा है। उन्होंने इस प्रारुप में 8 बार 4 विकेट और 2 बार 5 विकेट लिए हैं। राशिद एकदिवसीय में इंग्लैंड की ओर से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, पहले दोनो ही स्थानों पर तेज गेंदबाज गेंदबाज जेम्स एंडरसन 269 विकेट और डैरेन गॉफ 234 विकेट हैं। एंडरसन ने 194 मैचों में अपने 269 विकेट लिए। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 23 रन देकर पांच विकेट लेना रहा है। वहीं गॉफ ने 158 मैचों में अपने 234 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 44 रन देकर पांच विकेट लेना रहा है।

## टेस्ट प्रारुप में शतक से वापसी कर उत्साहित हैं ऋषभ




चेन्नई । भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही टेस्ट में मिली जीत पर खुशी जतायी है। ऋषभ ने कार हादसे के करीब ड़ेढ साल बाद टेस्ट में वापसी करते हुए इस मैच में शानदार शतक लगाया जिससे वह उत्साहित हैं। साथ ही कहा कि आने वाले समय में उन्हें और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। ऋषभ ने पहली पारी में 39 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया। ऋषभ ने ये दोनो ही पारियां इसलिए भी अहम हैं क्योंकि ये कठिन समय में खेली गयीं थीं। इस क्रिकेटर ने पहले टेस्ट में जीत के बाद कहा, सबसे पहले तो मुझे चेन्नई में खेलना पसंद है और दूसरी बात ये है कि मैं वापसी के बाद तीनों प्रारूपों में खेलना चाहता था, यह इस प्रारूप में मेरा पहला मैच था और उम्मीद है कि मैं आगे भी बेहतर प्रदर्शन करूंगा। यह भावनात्मक रुप से मेरे लिए अहम था क्योंकि मैं प्रत्येक खेल में रन बनाना चाहता था। साथ ही कहा, टेस्ट क्रिकेट में वापस आना, जहां मैं सबसे अधिक हूं और मैदान पर होना मुझे किसी भी चीज से अधिक खुशी देता है। मुझे नहीं पता कि लोग बाहर क्या कहते हैं, मैंने अपने तरीके से हालात समझे के प्रयास किये हैं। जब टीम शुरुआती विकेट खो दे तो बड़ी साझेदारी की जरुरत होती है और मैंने वही शुभमन के साथ किया।

# दलीप ट्रॉफी: अर्शदीप सिंह का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, भारत डी को मिली सांत्वना जीत

**अनंतपुर (एजेंसी)।** अर्शदीप सिंह के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (40 रन पर छह विकेट) के दम पर भारत डी ने दलीप ट्रॉफी मैच में रविवार को यहां चौथे और आखिरी दिन भारत बी को 257 रन के बड़े अंतर से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की। भारत डी ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 244 रन से आगे की लेकिन टीम 305 रन पर आउट हो गई। इसके बाद भारत बी को लगभग 70 ओवर में जीत के लिए 373 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला।

अर्शदीप और आदित्य ठाकरे (59 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली भारत बी की टीम महज 115 पर आउट हो गई। अर्शदीप ने मैच में 90 रन पर 9 विकेट झटक कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।




उन्होंने पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव (16) का विकेट चटकाया।

ईश्वरन एक बार फिर से दबाव की परिस्थिति में जज्बा दिखाने में विफल रहे और 19 रन बनाकर अर्शदीप की गेंद पर आकाश सेनगुप्ता के द्वारा लपके गए। नीतिश रेड्डी ने 43 गेंद में नाबाद 40 रन की आक्रामक पारी खेलकर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। भारत डी की टीम इस मैच से छह अंक हासिल करने के बावजूद तालिका में सबसे नीचे चौथे स्थान पर रहेगी। टीम अपने शुरुआती दोनों मैचों को हार गयी थी। इससे पहले दिन की शुरुआत में रिकी भुई ने अपने शतक को पूरा किया। उन्होंने 125 गेंद की नाबाद पारी में 15 चौके और तीन छक्के की मदद से 119 रन बनाए। उनके एक छोर संभाले रखने के बावजूद टीम ने 14.3 ओवर में 61 रन जोड़कर अपने बाकी बचे पांच विकेट गंवा दिए। टूर्नामेंट में यह उनका दूसरा शतक था। भारतीय अंडर-19 टीम के इस पूर्व कप्तान ने इस मैच की पहली पारी में भी 56 रन बनाए थे। वह मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए।

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम का ऐलान




चेन्नई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने रविवार को यहां शुरुआती टेस्ट में बांग्लादेश को 280 रन से हराने वाली भारतीय टीम को कानपुर में होने वाले दूसरे और अंतिम मैच के लिए बरकरार रखा है। भारतीय टीम ने रविवार को मैच के चौथे दिन की शुरुआती सत्र में ही बड़ी जीत दर्ज की। टीम अपने व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम को देखते हुए अगले मैच में प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ कुछ अन्य खिलाड़ियों को विश्राम दे सकती है। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक, 'पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट श्रृंखला के दूसरे मैच के लिए वही टीम बरकरार रखी है।'

**बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम ः**

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

## लेजेंड्स लीग : 45 साल के मोर्ने वान विक का ताबड़तोड़ शतक, रैना की पारी पड़ी फीकी



खेल डैस्क ः लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2024 के मैच नंबर तीन में जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में गुजरात ग्रेट्स और टोयम हैदराबाद की टीमें आमने सामने हुईं। पहले खेलने उतरी हैदराबाद की टीम ने कप्तान सुरेन रैना के 27 गेंदों पर 44 रनों की बदौलत 20 ओवरों में 172 रन बनाए थे। लेकिन जवाब में गुजरात टीम के 45 साल के क्रिकेटर मोर्ने वान विक ने ताबड़तोड़ शतक लगाया और अपनी टीम को जीत दिला दी। गुजरात टीम के कप्तान शिखर धवन है जोकि मैच में 21 रन बनाने में कामयाब रहे। टोयम हैदराबाद के कप्तान सुरेश रैना की बात करें तो वह नंबर 5 पर खेलने उतरे थे। उन्होंने 10वें ओवर में जॉन मूनी को 2 चौके और 1 छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। मनन शर्मा द्वारा 27 गेंदों पर 44 रन बनाकर आउट होने तक रैना ने आक्रामक खेल जारी रखा। उनकी पारी में 5 चौके और 2 छक्के शामिल थे। इससे पहले टोयम हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज चैडविक वाल्टन (17) और जॉर्ज वर्कर (13) ज्यादा योगदान नहीं दे सके। शॉन मार्श तीन गेंदों पर एक रन बनाकर मनन शर्मा की गेंद पर आउट हुए। रैना ने 27 गेंदों पर 44 रन बनाए, जबकि गुरकीरत सिंह ने 19 गेंदों पर 26 रन जोड़े, जिसमें 3 चौके शामिल थे। अंत में पीटर ट्रेगो ने 25 गेंदों 36 रन बनाकर 172/7 पर समाप्ति की। जवाब में खेलने उतरी गुजरात टीम को आखिरी ओवर में ही जीत मिली। गुजरात के लिए मोर्ने ने 69 गेंदों पर 8 चौके और 9 छक्कों की मदद से 116 रन बनाए। शिखर धवन ने 21, लिंडेल सिमंस ने 20 तो यशपाल सिंह ने 13 रन बनाए।

## स्पिनरों के खिलाफ पैरों का इस्तेमाल करें और हवाई शॉट खेलने से न डरें

चेन्नई, । अपने जमाने के फैश्नेवल क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दौरान स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को नेक सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि स्पिनरों के खिलाफ पैरों का इस्तेमाल करते हुए लंबे हवाई शॉट खेलें। एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुक्रवार को दूसरी पारी के दौरान कोहली स्पिनर मेहदी हसन मिराज की गेंद पर 17 रन बनाकर आउट हो गए थे। शास्त्री का मानना है कि कोहली को स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ अपने पैरों का इस्तेमाल करते हुए हवाई शॉट्स खेलने से हिचकिचाना नहीं चाहिए। रवि शास्त्री ने मैच के दौरान कमेंट्री में ही कहा, कि विराट कोहली पिछले कुछ वर्षों में कई बार स्पिनरों का शिकार हुए हैं, लेकिन उन्होंने कई रन भी बनाए हैं। आप उन्हें पैरों का इस्तेमाल करते हुए देखना चाहेंगे, जैसे कि गेंद की पिच पर जाकर खेलें, या शायद स्वीप शॉट का इस्तेमाल करें। स्पिनरों को परेशान करने के लिए कुछ अलग करने की जरूरत है, बजाय इसके कि उन्हें अपने ऊपर दबाव बनाने दिया जाए। जब उन्होंने बहुत रन बनाए थे, तब उन्होंने ऐसा ही किया था। कोहली, जिन्होंने पहली पारी में केवल छह रन बनाए थे, पिछले दो वर्षों से घरेलू धरती पर टेस्ट क्रिकेट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कोहली का आखिरी टेस्ट शतक पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में आया था। 2021 से अब तक, उन्होंने एशिया में 23 पारियों में 29.72 की औसत से 654 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। शास्त्री की सलाह से साफ जाहिर होता है कि वे कोहली को पुराने आक्रामक अंदाज में वापस देखना चाहते हैं, जहां वे अपने फुटवर्क और हवाई शॉट्स के जरिए स्पिन गेंदबाजों पर हावी रहते थे।

# ऑस्ट्रेलिया में भारत की संभावनाओं के लिए अहम होगी बुमराह और पंत की फिटनेस और फॉर्म : चैपल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इयान चैपल ने कहा कि अगर भारत को ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखलाओं की जीत की ऐतिहासिक हैट्रिक हासिल करनी है तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को चोटों से मुक्त और शीर्ष फॉर्म में रहना होगा। चैपल को लगता है कि भारतीय टीम के लिए इस विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में पांच टेस्ट मैच आस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला से पहले आदर्श तैयारी है जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट भी शामिल हैं।

चैपल ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' में अपने कॉलम में लिखा, ''भारत की प्राथमिकता यही होगी कि उसके ज्यादातर खिलाड़ी फॉर्म में रहें और उन्हें कोई बड़ी चोट नहीं लगे। हालांकि सबसे ज्यादा जरूरी बात जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का फॉर्म में रहना और चोटों से मुक्त रहना होगा।'' उन्होंने कहा, ''पंत ने भयानक कार दुर्घटना के बाद जिस तरह से टेस्ट में वापसी की है, वह शानदार है। वह भारतीय बल्लेबाजी क्रम में अहम विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अगर वह ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए फॉर्म में रहते हैं तो टीम का मनोबल बढ़ा रहेगा।''

पंत 2020-21 में भारत को आस्ट्रेलिया में पिछली श्रृंखला में मिली जीत के नायक रहे थे। चैपल ने कहा, ''अगर पंत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं तो यह भारत के लिए अच्छा होगा क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के लिए आदर्श विकेटकीपर हैं।'' उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में भारत के लिए अहम पहलू बुमराह की फिटनेस और फॉर्म होगी। बुमराह ने अगस्त 2023 में पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फेक्कर' सर्जरी के बाद वापसी के बाद से अपना कार्यभार अच्छी तरह प्रबंधित किया है।

चैपल ने कहा, ''पिछले ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर दो सबसे सफल तेज गेंदबाज बुमराह और मोहम्मद सिराज दोनों की अच्छी फॉर्म और फिटनेस जरूरी है। बुमराह तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते हैं।'' वह मोहम्मद शमी के भी श्रृंखला शुरू होने से पहले फिट होने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अगर मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के लिए फिट हो जाते हैं तो यह आदर्श होगा और उनकी मौजूदगी से भारत के गेंदबाजी आक्रमण में विविधता भी बढ़ेगी।'' उन्होंने कहा, ''जडेजा और अश्विन के साथ स्पिन गेंदबाजी भी अच्छी है। लेकिन मैं ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर कुलदीप यादव की अहमियत को कम नहीं आकूंगा।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# आगे खिसकी सूर्या की कंगुवा की रिलीज की तारीख, अब रजनीकांत की वेट्टैयन के साथ नहीं भिड़ेगी फिल्म

साउथ सुपरस्टार सूर्या की कंगुवा इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वे लगातार फिल्म से जुड़ी छोटी सी छोटी जानकारी पाने के लिए उत्सुक रहते हैं। अब इस फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। यह फिल्म पहले 10 अक्तूबर को रिलीज होने वाली थी। अब यह तय समय पर रिलीज नहीं होगी। निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख को आगे खिसका दिया है, जिससे सूर्या के प्रशंसक निराश हो गए हैं।

निर्देशक सिरुथाई शिवा की सूर्या, बॉबी देओल और दिशा पटानी अभिनीत फिल्म कंगुवा की रिलीज डेट बदल दी गई है। यह फैंटेसी-एक्शन फिल्म पहले 10 अक्तूबर को रिलीज होने वाली थी। अब यह फिल्म 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट साझा करते हुए इसका एलान किया है। कंगुवा अब नवंबर में रिलीज होगी। इसकी घोषणा करते हुए फिल्म के निर्माता स्टूडियो ग्रीन ने एक्स पर लिखा, गर्व और गौरव की लड़ाई, जिसे दुनिया देखेगी। कंगुवा का शक्तिशाली शासन 14 नवंबर 2024 से स्क्रीन पर धूम मचाएगा।

दरअसल, इससे पहले कंगुवा 10 अक्तूबर को टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी रजनीकांत अभिनीत वेट्टैयन के साथ बॉक्स ऑफिस पर टकराने वाली थी, लेकिन इस टकराव से बचने के लिए फिल्म की रिलीज को स्थगित कर दिया गया था। निर्देशक सिरुथाई शिवा की कंगुवा एक महत्वाकांक्षी फैंटसी एक्शन है फिल्म है, जिसे कथित तौर पर 350 करोड़ रुपये से अधिक के भारी बजट पर तैयार किया गया है। फिल्म में सूर्या और बॉबी देओल के अलावा दिशा पटानी, नटराजन सुब्रमण्यम, जगपति बाबू, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, कोवई सरला, आनंदराज, मारीमुथु, दीपा वेंकट, रवि राघवेंद्र और केएस रविकुमार सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# काश मैं गोलू जितनी ही निडर होती

**मसान की मासूम शालू गुप्ता हो या फिर मिर्जापुर की दबंग गोलू गुप्ता। श्वेता त्रिपाठी ने अपनी ऐक्टिंग के दम पर इन किरदारों में जान डाल दी। बीते दिनों श्वेता त्रिपाठी से हुई खास बातचीत में उन्होंने कई मुद्दों पर खूब बातें कीं।**

### आंकड़े मुझे समझ नहीं आते

शो क्या मस्त है लाइफ में जेनिया खान नाम का किरदार था। मैंने उसके लिए ऑडिशन दिया और सिलेक्शन हो गया था। मुझे लगता है कि आपको मौके के लिए तैयार रहना चाहिए। जब मिले, तब कैच कर लें। नहीं पता था कि मुझे असल में क्या करना है। बहुत से लोग लक्ष्य बनाकर काम करते हैं। उन पर यह ट्रिक काम भी करती है। मुझे बस कुछ चीजें ही समझ आती हैं जैसे मेरी फिल्म कितने थिएटर में रिलीज हो, वो फिल्म क्या कहना चाहती है, उसमें नयापन क्या है? फिल्म ने कितना कमाया, बॉक्स ऑफिस के आंकड़े मुझे समझ नहीं आते। यह मेरी प्राथमिकता नहीं है।

### काश, मैं गोलू जितनी ही निडर होती

मिर्जापुर में मेरा गोलू का किरदार काफी पसंद किया गया। एक दबंग किरदार है। अगर आप मुझसे पूछेंगे कि क्या यह कैरेक्टर आपसे रिलेट करता है तो मैं कहूंगी कि काश मैं भी गोलू की तरह निडर होती। वैसे, मैं निडर हूं लेकिन गोलू जितनी नहीं। सच बताऊं तो गोलू के कैरेक्टर के लिए मुझे बुरा फील होता है क्योंकि वह एक साधारण सी लड़की थी लेकिन उसकी जिंदगी से बहन, दोस्त को छीन लिया जाता है। वह मजबूरी में ऐसी बनी है। मुझे लग रहा था कि शायद मुझे गोलू की तरह ही किरदार ऑफर होने लगें लेकिन ऐसा नहीं है। मेरी अभी वेब सीरीज ये काली काली आंखें आने वाली है, इसमें मेरा किरदार बहुत अलग है। मैं शुक्रगुजार हूं कि अभी तक मुझे जितने भी रोल मिले हैं, वो एक दूसरे से बहुत अलग हैं।

### ओटीटी से दुनिया खुल गई

मिर्जापुर एक ऐसी सीरीज है, जिसको दर्शकों का बहुत प्यार मिला। अभी इसका चौथा सीजन लिखा जा रहा है। सीरीज को जितना पसंद किया गया, उससे हम लोगों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। दर्शक नया और अनोखा देखने की उम्मीद करते हैं। ओटीटी की बात की जाए तो सिर्फ ऐक्टर ही नहीं बल्कि राइटर, लाइटमैन, स्पॉट बॉय तक को खूब काम मिल रहा है। ओटीटी की वजह से स्क्रीन का साइज बड़ा कर दिया गया है। अब हम बिहार में बैठकर विदेशी फिल्में देख सकते हैं। ओटीटी से दुनिया खुल गई है। मेरे हिसाब से आर्ट और कहानियां भाषा में नहीं बंधनी चाहिए। पहले इंटरनैशनल अवॉर्ड विनिंग मूवी देखने के लिए ढूंढनी पड़ती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### वकील, हाइस्ट और टीचर का रोल करना है

मुझे टीचर का किरदार निभाना है। मुझे वकील बनना था। अगर मुझे दमदार वकील का रोल मिला तो जरूर करूंगी। मनी हाइस्ट में प्रोफेसर की तरह वाला रोल करने की तमन्ना है। यह तीन ऐसे किरदार हैं, जिनको मैं शिद्दत के साथ करना चाहती हूं। बस मौके की तलाश में हूं।



# तुम्बाड को सोहम शाह ने बताया अन्य हॉरर फिल्मों से अलग, फिल्म के सीक्वल को लेकर भी की बात

साल 2018 की फिल्म तुम्बाड को दोबारा से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है, फिल्म काफी शानदार प्रदर्शन भी कर रही है। इस बीच फिल्म के सह-निर्माता और अभिनेता सोहम शाह ने इसे अन्य हॉरर फिल्मों से काफी अलग बताया है।

लोकप्रिय और बेहद चर्चित फिल्म तुम्बाड एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज की गई है। फिल्म की मूल रिलीज साल 2018 में हुई थी। अब इसके छह साल बाद इसे दोबारा से रिलीज किया गया है। दिलचस्प बात है कि फिल्म इस बार टिकट खिड़की पर पहले से भी ज्यादा सफल साबित हुई है। फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इस फिल्म के सह-निर्माता और अभिनेता सोहम शाह ने फिल्म की सफलता को लेकर उत्साह जाहिर किया है। उन्होंने हाल में ही इंडिया टुडे के साथ एक इंटरव्यू के दौरान इसे समकालीन हॉरर फिल्मों से अलग बताया है। इंटरव्यू के दौरान सोहम शाह ने कहा कि ये फिल्म अन्य हॉरर फिल्मों से अलग है। उन्होंने फिल्म के अनूठे पहलुओं पर जोर देते हुए कहा कि ये स्त्री और मुंजा जैसी अन्य लोककथा आधारित हॉरर फिल्मों में अलग है। अभिनेता ने कहा कि वो लोग दादी-नानी की कहानियां नहीं बना रहे। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या मैडॉक की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स को मिली शानदार सफलता को देखते हुए उनके लिए तुम्बाड 2 बनाना आसान होगा, जो एक जैसे थीम पर आधारित हैं? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि दोनों में महत्वपूर्ण अंतर है। अभिनेता सह निर्माता ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि यह कोई समस्या है। उन्होंनें कहा, वो फिल्में अलग हैं, उनमें कोई भी तुम्बाड जैसी नहीं हैं। इन कहानियों में काफी अंतर है। उन्होंने आगे कहा कि तुम्बाड एकमात्र ऐसी फिल्म है, जो दादी-नानी की कहानियों पर आधारित है। अभिनेता ने इसमें जोड़ते हुए आगे कहा, वे दादी-नानी की कहानियां नहीं बना रहे हैं। हमारी कहानी आधुनिक समय पर आधारित नहीं है। हमारी फिल्म उस समय में शुरू और खत्म होती है। हमारे पास एक राक्षस है।

### तुम्बाड 2 की स्क्रिप्ट पर चल रहा है काम

अभिनेता ने तुम्बाड की दोबारा रिलीज को मिली सफलता पर दर्शकों का आभार जताया। निश्चित तौर पर फिल्म को मिली इस सफलता से उन्हें तुम्बाड 2 को लेकर प्रोत्साहित किया है। इस वजह से हाल में ही उन्होंने एक छोटे टीजर से इस फिल्म के सीक्वेल की घोषणा की है। उन्होंने इसके सीक्वेल को लेकर कहा कि फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन के चरण में है।

# धनुष की अगली फिल्म इडली कढ़ाई का एलान

अभिनेता धनुष ने अपनी अगली फिल्म का एलान कर दिया है। यह निर्देशक के रूप में उनकी चौथी और अभिनेता के रूप में 52वीं फिल्म है। अभिनेता ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म का कॉन्सेप्ट पोस्टर साझा किया। वहीं, उन्होंने इसके शीर्षक से भी पर्दा उठा दिया पोस्ट देख साफ हुआ कि फिल्म का नाम इडली कढ़ाई है। इडली कढ़ाई के एलान ने धनुष के प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया है।




# आयरनमैन ट्रायथलॉन को पूरा करने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं सैयामी

सैयामी खेर ने कई भारतीय फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। बड़े पर्दे पर चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने वाली सैयामी ने साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म मिर्जिया से हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत की थी। सैयामी अग्नि में एक अग्निशमन दस्ता के सदस्य की भूमिका में नजर आई थीं। इसमें उन्होंने कुछ खतरनाक स्टंट भी किए थे। घूमर में भी पैराप्लेजिक किरदार की अपनी भूमिका से सभी का दिल जीता। अब कई महीनों के गहन प्रशिक्षण के बाद आयरनमैन ट्रायथलॉन 2024 को सैयामी खेर ने सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। सैयामी ने बर्लिन में आयरनमैन दौड़ में भाग लिया था।

सैयामी ने आयरनमैन 70.3 रेस को पूरा कर लिया है। इस ट्रायथलॉन में दौड़, तैराकी, साइकिलिंग शामिल होता है। इन सभी को मिलाकर कुल 113 किमी दूरी तय करनी होती है। बता दें सैयामी इसके लिए काफी दिनों से मेहनत कर रही थीं। सैयामी फिल्मों की शूटिंग के साथ समय निकालकर इस ड्रीम को पूरा करने की जीतोड़ कोशिश करती रहीं। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने ये मुकाम हासिल कर लिया। सैयमी ऐसी पहली भारतीय अभिनेत्री हैं, जिन्होंने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयरनमैन 70.3 को पूरा किया है। सैयामी के अलावा, आयरनमैन ट्रायथलॉन में भाग लेने वाले एकमात्र बॉलीवुड सेलिब्रिटी मिलिंद सोमन हैं।

सैयामी ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की और लिखा, आयरनमैन 70.3 फिनिशर यह कुछ रोमांचकारी था, कड़ाके की ठंड और रास्ते में रास्ता भटक जाना! एक बार जब यह सब समझ में आ जाए, तो जल्द ही लंबी पोस्ट लिखूंगी। बता दें अभिनेत्री अपनी फिल्म घूमर की स्क्रीनिंग के लिए कनाडा में थीं और वहां से सीधे दौड़ के लिए जर्मनी पहुंचीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस रेस को पूरा करने के बाद सैयामी ने इंटरव्यू में कहा, आयरनमैन 70.3 की फिनिश लाइन को पार करना और वह पदक हासिल करना मेरे जीवन के सबसे गौरवपूर्ण क्षणों में से एक है।





# इंडस्ट्री में छह साल बिताने के बाद भी इस चीज से जूझ रहे हैं ईशान

**ईशान खट्टर अपनी वेब सीरीज द परफेक्ट कपल को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उन्होंने निकोल किडमैन, डकोटा फैनिंग और ईव हेवसन के साथ काम किया है। अब हाल ही में, अभिनेता ने बताया कि इंडस्ट्री में उन्हें सबसे ज्यादा किस चीज से जूझना पड़ता है। यही नहीं, उन्होंने यह भी बताया कि है कि उन्हें सबसे ज्यादा किस चीज को लेकर फीडबैक मिला है।**

ईशान खट्टर भले ही सिर्फ कुछ फिल्में ही कर चुके हों, लेकिन उन्होंने बड़े पर्दे, ओटीटी और हॉलीवुड दोनों पर अपने प्रोजेक्ट्स की वजह से इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली है। धड़क (2018) में जान्हवी कपूर के साथ हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने वाले इस अभिनेता ने पिप्पा, ए सूटेबल बॉय और कई प्रोजेक्ट्स में काम किया। हालांकि, इंडस्ट्री में करीब छह साल रहने के बाद भी, अभिनेता अभी भी एक बड़ी कमी से जूझ रहे हैं और वह है कि बहुत कम उम्र का दिखना।

हाल ही में, इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मुझे जो सबसे लगातार फीडबैक मिला है, वह यह है कि मैं बहुत कम उम्र का दिखता हूं। उन्होंने आगे कहा, जब मैंने शुरुआत की थी तब मैं 21 साल का था। अभिनेता ने आगे बताया कि लंबे समय से मुझे यही फीडबैक मिल रहा है कि मैं बहुत यंग दिखता हूं। अच्छा हो या बुरा, हम यहां युवा चेहरों और युवा अभिनेताओं के लिए बहुत ज्यादा भूमिकाएं नहीं लिखते हैं। इसलिए, मैं बहुत भाग्यशाली था कि मुझे दो-तीन सालों में ही कुछ अच्छे कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला है।

अपने करियर के बारे में बात करते हुए, ईशान ने कहा, मैंने कभी भी बहुत ज्यादा प्लान नहीं बनाए हैं। मैं काफी हद तक भाग्यशाली भी रहा हूं और मुझे ऐसे अवसर मिले हैं। मैं अपने करियर में केवल छह साल ही रहा हूं और मुझे शानदार अवसर मिले हैं। मैंने हमेशा अपने काम को अलग-अलग तरह से करने का प्रयास किया है।

# टीवी से होने के कारण फिल्मों से हाथ धो बैठीं क्रिस्टल डिसूजा?

क्रिस्टल डिसूजा टीवी इंडस्ट्री की जानी मानी अभिनेत्री हैं। क्रिस्टल को एक हजारों में मेरी बहना है से लोकप्रियता हासिल हुई थी। हालांकि, एक ऐसा समय भी आया, जब अभिनेत्री को घर बैठना पड़ गया था। हाल ही में, बॉलीवुड बबल से एक बातचीत में अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें एक प्रोजेक्ट की शूटिंग से दो दिन पहले बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। अभिनेत्री ने आगे यह भी कहा कि ऐसा भी हुआ है मेरे साथ की शूट के लिए मुझे दो दिन पहले निकलना होता है और ऐसे कॉल आते हैं। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि मेरे हाथ से कई फिल्में इसलिए भी निकल चुकी हैं क्योंकि हम लोग टीवी से हैं।

